SUPREME SUPERSPECIALITY HOSPITAL | SUPREME HEART CARE

आयुष्मान भारत (PMJAY)
महात्मा ज्योतिबा फुले जन आरोग्य योजना
(MJPJAY)
और
मुख्यमंत्री वैद्यकीय सहायता निधि (CMRF)



की सुविधा अब सुप्रीम हॉस्पिटल गोंदिया में उपलब्ध

अधिक जानकारी के लिए कॉल करें..

Vivekanand Colony, Hadditoli
Gondia (Maharashtra) 441601
www.supremehospital.org

0718223221, 7378738884
7507716433, 8624920084



बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, गोंदिया, भंडारा, नागपुर से एक साथ प्रकाशित एवं प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 15 अप्रैल 2026 | दिन - बुधवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 77 | मूल्य - 5 रुपये



7 Years OF HEALTH, HOPE & HEALING

SAHAYOG HOSPITAL



निःशुल्क एंजियोग्राफी शिविर

6 मार्च – 30 जून 2026

आयुष्मान भारत योजना (PMJAY) एवं MJPJAY के अंतर्गत निःशुल्क एंजियोप्लास्टी की सुविधा उपलब्ध

91 8888 001 426 / 07182 250006 / 07





HONDA

## बालाघाट जिले के इतिहास में पहली बार

## ड्रीम्स होण्डा अपने ग्राहकों के लिए लाये हैं

# Dr. Activa डोर स्टेप सर्विस...

## साथ ही अधिकृत सर्विस सेंटर किरनापुर के शुभारंभ पर आप सादर आमंत्रित हैं

बुधवार, 15 अप्रैल 2026 दोप. 12.30 बजे

**ड्रीम्स होण्डा**

अधिकृत सर्विस सेंटर, कावरे चौक, किरनापुर

### प्रमुख उपस्थिति

**मान. प्रतीक प्रणव**
जोनल मैनेजर सेल्स

**मान. अरबिंद्र पटेल**
जोनल मैनेजर सर्विस

**मान. निखिल राज**
एरिया इंचार्ज सेल्स

**मान. अतुल खरे**
एरिया इंचार्ज सर्विस




बुधवार, 15 अप्रैल 2026 दोप. 3.30 बजे

**ड्रीम्स होण्डा**

ड्रीम्स होण्डा स्मार्ट वर्कशॉप, बालाघाट

विनीत

**कमलजीत सिंह छाबड़ा**

ड्रीम्स होण्डा परिवार, बालाघाट



दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
# जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरूआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## जिला मुख्यालय के साथ-साथ अब ब्लाकों में भी होगी जनसुनवाई - कलेक्टर नेहा मीना

### मेरी पहली प्राथमिकता स्वास्थ्य एवं शिक्षा होगी : कलेक्टर



**जगप्रेरणा सिवनी।**

***नवागत कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने आज पदभार ग्रहण करने के पश्चात मीडिया कर्मियों के साथ परिचर्चा करते हुए बताया कि मेरी इस जिले में पहली प्राथमिकता शिक्षा एवं स्वस्थ होगी***

क्योंकि अगर व्यक्ति शिक्षित होगा तो वह अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होगा और ऐसी स्थिति में वह अपने जिले के प्रति निष्ठा के साथ कार्य करेगा। श्रीमती मीना ने आगे कहा कि एक माह में मेरे द्वारा कुछ कार्य किए जाएंगे और इसके पश्चात आप लोगों के द्वारा जो जरूरी कार्य है उन्हें पूरा करना मेरी प्राथमिकता होगी पूर्व में जहां पर भी रही मुझे मीडिया कर्मियों का हमेशा सहयोग मिलता रहा है वही मीडिया कर्मियों के द्वारा जो बातें रखी जाएंगी उन पर भी विचार किया जाएगा। इस जिले में रहे पूर्व कलेक्टर के बारे में मैं कुछ नहीं कहना चाहती सिर्फइतना कहना चाहती हूं कि मेरे सामने जो भी कार्य आएंगे उसे में पूरा करूंगी।

हर सप्ताह होने वाली मंगलवार की जनसुनवाई मां के प्रथम सप्ताह जिला मुख्यालय में तथा शेष सप्ताह ब्लॉक स्तर पर जनसुनवाई की जाएगी जिससे ग्रामीण अंचलों से अपनी समस्या लेकर जिला मुख्यालय आने वाले लोगों को परेशान ना होना पड़े मैं वैसे भी ऐसे क्षेत्र में रही हूं जिसे पिछड़ा कहा जाता था लेकिन सभी के सहयोग से उसे जिले को भी मूल धारा से जोड़ने का प्रयास किया है इस जिले में भी जो कुछ अच्छा होगा करने का प्रयास करेंगे मीडिया कर्मियों द्वारा जिले के चल रहे विकास कार्यों को लेकर अपनी बात रखी गई तथा विसंगतियों के बारे में चर्चा की गई जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि वह प्रयास करेंगे की उन विषयों को दूर कर ऐसे कार्य करें जिससे जनता का प्रशासन के प्रति विश्वास बने। आपने कहा कि अगर कोई जरूरी कार्य है तो आप जनसंपर्क अधिकारी के माध्यम से मुझसे मिलकर अपनी बात रख सकते हैं साथ ही अगर कहीं समस्या है तो उसका समाधान निकालने का प्रयास भी किया जाएगा।

## कृषक कल्याण वर्ष 2026 : सिवनी जिले में पैक्स सदस्यता अभियान का शुभारंभ, किसानों को जोड़ने पर जोर..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***मप्र शासन द्वारा घोषित कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं (पैक्स) में 10 लाख से अधिक नए सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।***




इसी लक्ष्य की पूर्ति के लिए 14 अप्रैल 2026, डॉ. बी. आर. अम्बेडकर जयंती से प्रदेशभर में सघन सदस्यता अभियान प्रारंभ किया गया।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ऐसे सभी पात्र गैर-सदस्य किसानों को पैक्स से जोड़ना है, ताकि उन्हें संस्थागत ऋण, कृषि सेवाओं एवं सहकारी सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल सके। विशेष रूप से छोटे, सीमांत, महिला एवं सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के किसानों को सहकारी साख व्यवस्था से जोड़ने पर जोर दिया जा रहा है।

इसी क्रम में सिवनी जिले की 57 बी-पैक्स समितियों में अभियान की शुरुआत की गई। जिला स्तरीय कार्यक्रम बी-पैक्स गंगेरूआ में आयोजित हुआ, जिसमें अपेक्स बैंक भोपाल से विशेष कर्तव्य अधिकारी आर. सी. पटले मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में गंगेरूआ शाखा अंतर्गत गंगेरूआ, अरी, अमागढ़ एवं ताखला समितियों के किसान, प्रबंधक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। चारों समितियों के 20 किसानों ने सदस्यता के लिए आवेदन प्रस्तुत किए।

साथ ही 10 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) वितरित किए गए तथा 3 वर्ष से अधिक नियमित लेनदेन करने वाले दो किसानों को शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बैंक एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने उपस्थित किसानों को योजनाओं की जानकारी देते हुए सदस्यता के लाभों से अवगत कराया। इस दौरान बैंक महाप्रबंधक के. के. सोनी, प्रबंधक प्रशासन अर्जुन कनेश, फील्ड प्रभारी अतुल जंघेला, शाखा प्रबंधक कन्हैयालाल दुबे सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## जिला कांग्रेस द्वारा समस्त ब्लॉकों के मंडलम कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षो की नियुक्ति..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मंशानुरूप संगठन सृजन के अन्तर्गत मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के***

अनुमोदन से जिला प्रभारी सोहन वाल्मीकि एवं चारो विधानसभा प्रभारियों की अनुशंसा से जिले की चारो विधानसभा में जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा समस्त ब्लॉकों के मंडलम कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षो की नियुक्ति की गई।

बरघाट विधानसभा से सुकतरा ब्लॉक के चक्की खमरिया मंडलम से अध्यक्ष दिलीप कर्वेती, घाटकोहका मंडलम से प्रहलाद वाड़िवा। बादलपार मंडलम से मूलचंद राठौर, सुकतरा मंडलम से कृष्णकुमार साहू, धोबीसर्रा मंडलम से शिवम पंचेश्वर। कुरई ब्लॉक के टुरिया मंडलम से गोकुल कावल, खवासा मंडलम से साकिर फारूख खान। पीपरवानी मंडलम से निरंजन कोकोड़े, रमली मंडलम से ललित मोरे, कुरई मंडलम से संजय डहरवाल। गंगेरूआ ब्लॉक के आमागढ़ मंडलम से प्रदीप यादव, अरी मंडलम से महेन्द्र उइके, गंगेरूआ मंडलम से दिनेश राहंगडाले, ताखला मंडलम से दीनदयाल राहंगडाले, दौंदीवाड़ा मंडलम से नरेन्द्र चौहान, आष्टा मंडलम से सुनील पन्द्रे। बरघाट ब्लॉक के धारनाकलॉ मंडलम से कृष्णकुमार ठाकरे, अतरी मंडलम से साजिद बेग, मलारा मंडलम से दयालू राठौर, पिंडरईकलॉ मंडलम से रामलाल कुमरे, खारी मंडलम से ओमप्रकाश पंचेश्वर, मानेगांव मंडलम से अक्षय पटले, बम्हनी मंडलम से शिव मर्सकोले, पोनिया मंडलम से अनिल राउत, बम्होड़ी मंडलम से इंदर अडमाचे, बोरी मंडलम से बहादुरसिंह उइके। सिवनी विधानसभा से गोपालगंज ब्लॉक के मातृधाम मंडलम से चन्द्रहास सनोडिया, लखनवाड़ा मंडलम से ब्रजभूषणसिंह बघेल, खैरी मंडलम से शेरसिंह सनोडिया, डोरलीछतरपुर मंडलम से साजिद खान सज्जू,



गोपालगंज मंडलम से रामकुमार सनोडिया। सिवनी ग्रामीण ब्लॉक के लूघरवाड़ा मंडलम से सुदर्शन बघेल, बींझावाड़ा मंडलम से सरदारसिंह बघेल, उड़ैपानी मंडलम से जोएब खान। सिवनी नगर के महामाया देवी मंडलम से अरूण ठाकुर, कस्तूरबा गांधी मंडलम से सुशील ठाकुर, गुरूनानकदेव मंडलम से संदीप चौरसिया, संत कबीर मंडलम से मनोज हरिनखेड़े, रविन्द्रनाथ टैगोर मंडलम से राजू यादव, मेजरध्यानचंद मंडलम से जमशीद कुरैशी, लालबहादुर शास्त्री मंडलम से सतीश श्रीवास, अकबर वार्ड मंडलम से सोहराफ कुरैशी, चन्द्रशेखर आजाद मंडलम से शिबू सेंगर, महात्मा गांधी मंडलम से सोहेल खान बंटी, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस मंडलम से महमूद खान। बंडोल ब्लॉक के सिहोरा मंडलम से अनुज सक्सेना, कलारबांकी मंडलम से छिदामीलाल भलावी, बांकी मंडलम से परमानंद जंघेला, बंडोल मंडलम से विनोद पुरोहित। मुंगवानीकलॉ ब्लॉक के भोंगाखेड़ा मंडलम से बालमुकुंद बघेल, हथनापुर मंडलम से मनोज तिवारी, मुंगवानी मंडलम से नेमकुमार जैन। बखारी बलॉक के बीजादेवरी मंडलम से डॉ. कन्हैया डेहरिया, केवलारी मंडलम से घनश्याम सल्लाम, बकोडा सिवनी मंडलम से गुरूप्रसाद उइके, बखारी मंडलम से हितेन्द्र प्रजापति। चमारी ब्लॉक के गोरखपुर मंडलम से कुंजबिहारी वरकड़े, मडवा मंडलम से प्रेमलाल भलावी, चमारीखुर्द मंडलम से निर्मलसिंह ठाकुर, देवरी मंडलम से प्रमोद अवस्थी, देवगांव मंडलम से संतु धुर्वे, खटकर मंडलम से राजू चन्द्रवंशी। केवलारी विधानसभा से उगली ब्लॉक के झितर्रा मंडलम से गुलाब कवास, उगली मंडलम से बाबूलाल बिसेन, सरेखाकलॉ मंडलम से संतोष ठाकुर, खुरसुरा मंडलम से मुनेश्वर साहू, पांडिया छपारा मंडलम से विजय निर्मलकर। केवलारी ब्लॉक के चिरचिरा मंडलम से बबलू पंकज बघेल, पलारी मंडलम से शरद गोलू ठाकुर, लोपा मंडलम से सुनील ठाकुर, ढुटेरा मंडलम से रामप्रकाश बघेल, बगलई मंडलम से ब्रम्हानसिंह बघेल, केवलारी खास मंडलम से नीलेश अवधिया, खैररांजी मंडलम से मोहन धुर्वे, अहरवाड़ा मंडलम से राजेन्द्र सिंह पटले, तिंदुआ मंडलम से ब्रजेशसिंह राजपूत, छींदा मंडलम से सुरेन्द्र जैन।

कान्हीवाड़ा ब्लॉक के मेहरापिपरिया मंडलम से योगेश चौधरी, डूण्डासिवनी मंडलम से तुलसीराम ठाकुर, भोमा मंडलम से अनीस अंसारी, कान्हीवाड़ा मंडलम से मधु सोनी। धनौरा ब्लॉक के बोरिया मंडलम से शेख शमीद मुन्ना पटेल, सुनवारा मंडलम से राजेन्द्र सिंह बघेल, कुडारी मंडलम से रूपसिंह यादव, बम्होडी मंडलम से रज्जनसिंह उइके, धनौरा मंडलम से रामकुमार नायक। छपारा ब्लॉक के बिछुआ बर्रा मंडलम से कुलदीप सिंह ठाकुर, भीमगढ़ मंडलम से भजन चौकसे, बिहिरिया मंडलम से आतिफमो. खान, छपारा मंडलम से आनंद नारायण तिवारी। लखनादौन विधानसभा से आदेगांव ब्लॉक के परासिया मंडलम से जीतलाल उइके, मढी मंडलम से दशरथ पटैल, पाटन मंडलम से आनंद शर्मा, आदेगांव मंडलम से सूरज यादव। लखनादौन ब्लॉक के गनेशगंज मंडलम से ब्रजेश तिवारी, गंगई मंडलम से गौरव यादव, बगलई मंडलम से रामशंकर मिश्रा, सिहोरा मंडलम से डॉ. सुरेश गोल्हानी, मोहगांवकला मंडलम से रमेश पटैल, लखनादौन मंडलम से संजय शुक्ला। धूमा ब्लॉक के सनाई डोंगरी मंडलम से नरेन्द्र यादव, पुनवारा मंडलम से मनोज यादव, धूमा मंडलम से रब्बीलाल राठौर। नागनदेवरी ब्लॉक के धनककडी मंडलम से देवेन्द्र राय, नागनदेवरी मंडलम से प्रशांत पटैल। सालीवाड़ा ब्लॉक के सलेमा मंडलम से गोविंद बैसले, तुआघोघरा मंडलम से रामचरण उइके, लावेसर्रा मंडलम से सहजान विश्वकर्मा, जामुनपानी मंडलम से बीजम सल्लाम। घंसौर ब्लॉक के शिकारा मंडलम से निजाम मंसूरी, गोरखपुर मंडलम से कमलेश तिवारी, मेहता मंडलम से राजेन्द्र नामदेव, कहानी मंडलम से सतेन्द्र गुमास्ता, बालपुर मंडलम से श्रीमती सुमन पटेल, घंसौर मंडलम से आशीष मिश्रा। केदारपुर ब्लॉक के पौंडी मंडलम से नीलम यादव, केदारपुर मंडलम से दिलीप धुर्वे, सेलुआ मंडलम से लोकसिंह मरावी, भिलाई मंडलम से ओमकार राजपूत, घोटखेडा मंडलम से राजेश उइके का समावेश है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी, केवलारी विधायक ठा. रजनीशसिंह, लखनादौन विधायक योगेन्द्रसिंह बाबा, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री द्वय राजा बघेल, विनोद वासनिक, सिवनी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मोहनसिंह चंदेल, कांग्रेस के वरिष्ठ कांग्रेस नेता हाजी मो. असलम खान एवं जिला संगठन महासचिव मो. हनीफ अंसारी सहित समस्त वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने जिले की समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सभी नवनियुक्त मंडलम कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षो को शुभकामनाएँ प्रेषित कर बधाई दी।

## जवाहर नवोदय विद्यालय कान्हीवाड़ा में उत्साह के साथ मनाई गई डॉ. अंबेडकर जयंती




**जगप्रेरणा कान्हीवाड़ा।**

***पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कान्हीवाड़ा में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती गरिमामय ढंग से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य श्री डी.के. मिश्रा एवं स्टाफद्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई।***

इस अवसर पर वैशाली कुशवाहा, अर्पित रंगारी, विजयालक्ष्मी, आस्मी ककोडिया, पीयूष ठाकुर, यश इनवाती, मुकेश सिंह धुर्वे और पीजीटी हिन्दी श्री तारकेश्वर साह ने बाबा साहब के जीवन पर अपने विचार साझा किए। पीजीटी इंगलिश श्री संजय डांगे ने मंच संचालन करते हुए छात्र-छात्राओं को बाबा साहब के सिद्धांतों को अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। समारोह में श्री टी.पी. मेहरा, वंदना वैध, अभिनव राहुल, सिमा गड़ेवाल, रेनू मर्सकोले, कविता भोयर, सिमा श्रीवास, ए.के. सिंह, श्रद्धा वर्मा, एम.एल. रंधई, हर्षित मालवीय, अशोक हनोते, सुनील मेश्राम, डी.एस. चौहान, राजेश यादव, सिप्पा, इंद्रजीत पटेल, आशुतोष गर्ग, मनोज कुमार, रंजीत सिंह, श्रुति, प्रेमा और आरती सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## एम एल बी शाला को पी एम श्री शाला बनाने की मांग..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या शाला सिवनी को पी एम श्री शाला घोषित किया जाने की मांग शाला की प्राचार्य श्रीमती आराधना राजपूत ने प्रभारी मंत्री***



करणसिंह वर्मा से की है सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि यह शाला नगर की सबसे पुरानी शाला है और छात्राओं की सुरक्षा की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। अतः इस शाला को पीएम श्री शाला घोषित किया जाने की मांग श्रीमती अनिता डांगरे पंकज तिवारी के के नामदेव ने कराम राणा जी एल साहू एल पी चौधरी योगेश कुमार उपाध्याय सहित समस्त स्टाफ ने की है।

## ट्रैक्टर में लगा थ्रेसर मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलटा

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***जिले के धूमा थाना क्षेत्र अंतर्गत धूमा बाईपास पर सोमवार देर रात एक बड़ा हादसा टल गया। यहां एक ट्रैक्टर में लगा थ्रेसर मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गया।***



इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार देर रात एक ट्रैक्टर थ्रेसर लेकर धूमा बाईपास मार्ग से गुजर रहा था। मोड़ पर संतुलन बिगड़ने के कारण थ्रेसर अचानक पलट गया। जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, वहां आमतौर पर वाहनों और लोगों की आवाजाही अधिक रहती है। हालांकि, घटना के समय वहां कोई राहगीर या अन्य वाहन मौजूद नहीं था, जिससे संभावित बड़ा नुकसान टल गया।

हादसे के बाद सड़क पर थ्रेसर पलटने से कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हो गया। राहगीरों और वाहन चालकों को असुविधा का सामना करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही संबंधित विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। क्रेन की सहायता से पलटे हुए थ्रेसर को सड़क से हटाया गया, जिसके बाद यातायात सुचारू रूप से बहाल हो सका। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस बाईपास मार्ग पर तेज गति और मोड़ों पर पर्याप्त संकेतक न होने के कारण अक्सर दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

उन्होंने प्रशासन से भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकरआवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और सावधानीपूर्वक वाहन संचालन की आवश्यकता को उजागर किया है।

सिवनी मे जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये
संपर्क करे.. हसीब मोहम्मद 7898530101

## कंडीपार में जल गंगा अभियान को मिला जनसमर्थन, श्रमदान से संवारे जल स्रोत

**जगप्रेरणा सिवनी।**




मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद (योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, मप्र शासन) के अंतर्गत संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड सिवनी के ग्राम कंडीपार में जल संरक्षण को लेकर विशेष गतिविधि आयोजित की गई। इस दौरान स्थानीय नाले की साफ-सफाई कर ग्रामीणों को जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में राज्य सलाहकार श्री शिवनारायण पटेल ने स्थानीय जनसमुदाय, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ श्रमदान किया। सभी ने मिलकर नाले एवं तालाब की सफाई करते हुए गाद निकाली और जल स्रोतों को संरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला एवं विकासखंड समन्वयक मोनिका चौरसिया की भी सक्रिय सहभागिता रही। राज्य सलाहकार श्री पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान एक व्यापक जनभागीदारी आधारित पहल है, जिसका उद्देश्य पारंपरिक जल स्रोतों, नदियों और तालाबों का संरक्षण कर भविष्य के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जल केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है, इसलिए इसके संरक्षण के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे जल का सदुपयोग करें और इसे व्यर्थ न बहने दें।

सर्वश्रेष्ठ प्रिंटिंग
सबसे कम कीमत पर
समाचार पत्र, पत्रिका, किताब, पांपलेट, बिलबुक, रसीद बुक, लेटरपेड, कैलेंडर, आदि की ग्राफिक्स डिजाईनिंग एवं प्रिंटिंग कार्य के लिये तथा समाचार पत्रों के साथ पांपलेट वितरण कार्य के लिये संपर्क करें..
जगप्रेरणा ग्राफिक्स
गोंदिया - बालाघाट मो. 9329033433

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039



कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर,
शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


# बालाघाट शहर में धुमधाम से मनाई गई डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की 135 वी जयंती..

## आंबेडकर चौक बाबासाहेब की प्रतिमा पर वंदन अभिवादन करने उमड़ा जनसैलाब..





**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बालाघाट नगर मुख्यालय के साथ ही नगर के विभिन्न वार्डों में भारत रत्न दलितों और गरीबों के मसीहा तथा भारत को संविधान की शक्ति से शक्तिशाली बनाने वाले डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की 135 वीं जयंती धुमधाम से मनाई गई।***

विशेष रुप से शहर के आंबेडकर चौक पर स्थित डॉ. बाबासाहेब की प्रतिमा पर श्रद्धा के पुष्प अर्पित करने तथा बाबा साहेब का अभिवादन करने के लिये कांग्रेस, भाजपा, आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी संहित विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक संगठनों के लोगों के अलावा बड़ी संख्या में अनुयायियों और सर्वसमाज के लोगों ने माल्यार्पण कर डॉ. बाबासाहेब का वंदन किया। सुबह प्रातःकाल डॉ. बाबासाहेब की जयंती पर सर्वप्रथम पूज्य भंते ने आंबेडकरवादियों को त्रिशरण पंचशील ग्रहण कराया। इस अवसर पर बाबासाहेब के जनकल्याण के लिए किए गए अभूतपूर्व योगदान को याद किया गया। प्रातः 10 बजे अंबेडकर चौक प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद 10:30 बजे एक रैली निकाली गई।

इस रैली में गौतम बुद्ध और महामानव बाबा साहब की जीवंत झांकियों के साथ ही अनेक झाकियों को शामिल किया गया। इस रैली में डीजे पर बजते भीमगीतों पर युवाओं और हर उम्र के लोगों ने झूमते नाचते खुशी के साथ जयंती उत्सव मनाया। जयंती के आयोजनों में सामाजिक बंधुओं ने बाबासाहेब अंबेडकर को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने उनकी जीवनी, भारतीय समाज में उनके योगदान और संविधान में प्रदत्त शक्तियों की जानकारी आम लोगों को दी, साथ ही भारतीय संविधान का अनुसरण करने का आह्वान किया।









## सामाजिक राजनीतिक क्षेत्र के लोगों ने किया डॉ. बाबासाहेब को वंदन..

डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती उत्सव पर प्रमुख रुप से बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे, विधायक मधु भगत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भीम फुलसुंघे, अनिल सोनी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्याम पंजवानी, रहीम खान, महेश सहारे, राजकुमार नागेश्वर, नरेन्द्र मेश्राम, छबीराम नागेश्वर, अजय बिसेन, धर्मेन्द्र कुरील, भाजपा के जिलाध्यक्ष पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे, किरणभाई त्रिवेदी, मोनु पांडे, डॉ. वेदप्रकाश लिल्हारे, विशाल मंगलानी, सिद्धांत पाटिल, अभय कोचर, भारत चौधरी, मोनिल जैन, आम आदमी पार्टी नेता शिव जायसवाल, रजनीश नायडू संहित अनेकों ने आंबेडकर चौक पहुंचकर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर प्रतिमा के समक्ष वंदन किया।

संघर्ष से संवारी जिंदगी..

# बालाघाट की सुलोचना बनीं आत्म निर्भरता की मिसाल..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

कभी खुशहाल पारिवारिक जीवन जी रही सुलोचना परिहार के जीवन में अचानक ऐसा दौर आया, जिसने सब कुछ बदल कर रख दिया। कोरोना महामारी के दौरान पति के निधन ने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया। एक ओर जीवनसाथी का बिछोह और दूसरी ओर परिवार की जिम्मेदारी–ऐसे कठिन समय में कई लोग टूट जाते हैं, लेकिन सुलोचना ने हार मानने के बजाय संघर्ष का रास्ता चुना।

45 वर्षीय सुलोचना परिहार पहले अपने पति के साथ साधारण लेकिन संतोषपूर्ण जीवन जी रही थीं। पति छोटा व्यवसाय करते थे और सुलोचना सिलाई का काम कर परिवार की आय में सहयोग देती थीं। लेकिन कोविड काल में पति के निधन के बाद पूरे परिवार की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई। बेटे की पढ़ाई, घर का खर्च और भविष्य की चिंता–सब कुछ एक साथ सामने खड़ा था। ऐसे हालात में सुलोचना का हुनर ही उनका सबसे बड़ा सहारा बना। उन्होंने अपने सिलाई के काम को ही आगे बढ़ाने का निर्णय लिया और बालाघाट की मार्डीकर गली वार्ड नंबर -22 में श्रद्धा बुटिक के नाम से एक बुटिक की शुरुआत की। धीरे-धीरे उनका यह छोटा प्रयास एक सफल उद्यम में बदल गया। आज उनके बुटिक में 11 जरूरतमंद महिलाओं को रोजगार मिला हुआ है।

सुलोचना सिर्फ खुद के लिए नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन को भी संवारने का काम कर रही हैं। उनके बुटिक में काम करने वाली महिलाएं गरीब परिवारों से आती हैं और अपनी मेहनत से घर का खर्च, बच्चों की पढ़ाई और किराया चला रही हैं। सुलोचना उन्हें 40 प्रतिशत कमीशन देती हैं, जिससे उनकी आय भी सम्मानजनक बनती है। सुलोचना बताती हैं कि उन्होंने जीवन की कठिनाइयों को बहुत करीब से देखा है, इसलिए वह अपने साथ काम करने वाली महिलाओं की जरूरतों और संघर्ष को समझती हैं। यही संवेदनशीलता उन्हें एक सफल उद्यमी के साथ-साथ एक सशक्त और मानवीय व्यक्तित्व बनाती है।

आज सुलोचना परिहार अपने बुटिक से हर माह लगभग 50 से 60 हजार रुपए की शुद्ध आय अर्जित कर रही हैं। वह ब्लाउज, लहंगा, सलवार सूट, फ्रॉक और डिजाइनर ड्रेस तैयार कर अपनी पहचान बना चुकी हैं। उन्होंने समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर के साथ पीजीडीसीए की पढ़ाई भी की है।

अपने बेटे की शिक्षा को लेकर भी सुलोचना बेहद सजग हैं। उनका बेटा नागपुर के कॉलेज से एमसीए की पढ़ाई कर रहा है। श्रद्धा का सपना खुद पीएचडी करने का है, और उनका बेटा भी उन्हें इस दिशा में आगे बढ़ाने का संकल्प ले चुका है।

सुलोचना कहती हैं कि उन्हें किसी शासकीय योजना का विशेष लाभ नहीं मिला, लेकिन कोविड के दौरान पति के निधन पर मिली 50 हजार रुपए की सहायता ने कठिन समय में थोड़ी राहत जरूर दी।

सुलोचना परिहार की यह कहानी केवल संघर्ष की नहीं, बल्कि हिम्मत, आत्मविश्वास और दूसरों को साथ लेकर आगे बढ़ने की प्रेरणा है। उन्होंने यह साबित कर दिया है कि हालात चाहे कितने भी कठिन क्यों न हों, अगर इरादे मजबूत हों तो जिंदगी को फिर से संवारना संभव है।

# गुरुद्वारा सिंघ सभा द्वारा धुमधाम से मनाया गया बैसाखी पर्व एवं खालसा पंथ दिवस..



गुरुवाणी, किर्तन के साथ ही अटूट लंगर का भी हुआ आयोजन..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

बालाघाट नगर में आज 14 अप्रैल को गुरुद्वारा सिंघ सभा द्वारा बैसाखी पर्व एवं खालसा पंथ दिवस बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा परिसर में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संगत ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु वाणी के पाठ और कीर्तन से हुई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। ज्ञानीजनों द्वारा खालसा पंथ की स्थापना और उसके महत्व पर प्रकाश डाला गया।

उन्होंने बताया कि खालसा पंथ की स्थापना सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा वर्ष 1699 में की गई थी, जिसका उद्देश्य समाज में समानता, साहस और धर्म की रक्षा करना था। बैसाखी पर्व को लेकर श्री गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा के पूर्व अध्यक्ष जसबीर सिंह सौंधी ने बताया कि यह पर्व साध संगत के साथ खालसा पंथ साजना दिवस के रूप में मनाया गया। उन्होंने बताया कि गुरु गोबिंद सिंह महाराज ने पंजाब के आनंदपुर में खालसा पंथ की स्थापना कर सिख धर्म की नींव रखी थी और अपने पंच प्यारों को अमृतपान कराया था। गुरु गोबिंद सिंह महाराज के बताए मार्ग पर चलते हुए सिख समाज ने इस स्थापना दिवस पर गुरुद्वारे में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। दिन और रात दोनों समय समाज और आम लोगों के लिए गुरु के प्रसाद के रूप में लंगर की सेवा भी की गई।

# बालाघाट में राजस्थानी परंपरा की झलक, राजस्थान से भव्य गणगौर प्रतिमाएं बुलाई..



आगामी वर्ष में ऐतिहासिक शोभायात्रा की तैयारी में जुटी महिलाएं..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

बालाघाट में सर्व राजस्थानी समाज द्वारा आगामी वर्ष गणगौर पर्व को विशेष उत्साह एवं भव्यता के साथ मनाने की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। समाज की जिला अध्यक्ष ज्योति शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान के जयपुर, जोधपुर एवं बीकानेर की तर्ज पर अब बालाघाट में भी पारंपरिक अंदाज में विशाल गणगौर शोभायात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि राजस्थान में जिस प्रकार लगभग 4 फीट ऊंची आकर्षक गणगौर प्रतिमाओं को सुसज्जित पालकी में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया जाता है, उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष माता गणगौर की भव्य प्रतिमा विशेष रूप से बीकानेर से बालाघाट लाई गई है, जो समाज के लिए गर्व एवं आस्था का विषय है। गणगौर आगमन के उपलक्ष्य में समाजजनों द्वारा एकत्रित होकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान भगवान शिव-पार्वती के भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने गणगौर माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद एवं मिठाई का वितरण भी किया गया। जिला अध्यक्ष ज्योति शर्मा ने आगे बताया कि आगामी दिनों में बालाघाट में और भी भव्य रूप में गणगौर शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन सहभागिता करेंगे। यह आयोजन न केवल राजस्थानी संस्कृति को जीवंत बनाएगा, बल्कि शहर में एक नई सांस्कृतिक पहचान भी स्थापित करेगा। आगामी वर्ष के गणगौर आयोजन को लेकर समाज के लोगों में विशेष उत्साह है और सभी ने मिलकर इसे सफल बनाने का संकल्प लिया है।



# कृषि भूमिधारक बनें समिति के सदस्यः सीईओ बघेल




## जिले की 131 पैक्स समितियों में सघन सदस्यता अभियान शुरू

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

अंबेडकर जयंती के अवसर पर जिले में सहकारी क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में सघन सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट अंतर्गत 17 शाखाओं की 131 पैक्स समितियों में यह अभियान प्रारंभ हुआ, जिसका उद्देश्य पात्र गैर-सदस्य किसानों को जोड़कर उन्हें संस्थागत ऋण एवं सहकारी सुविधाओं का लाभ दिलाना है। यह अभियान कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ। मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिनव सिंह बघेल एवं उपायुक्त सहकारिता राजेश उइके द्वारा लांजी, गढ़ी सहित विभिन्न समितियों में किसानों की उपस्थिति में सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई। इस दौरान नवीन सदस्यों का फूलमाला एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीईओ अभिनव सिंह बघेल ने कहा कि जिले के सभी कृषि भूमिधारकों को सहकारी समितियों से जोड़ना आवश्यक है, ताकि उन्हें शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर अल्पकालीन फसल ऋण एवं कम ब्याज दर पर मध्यमकालीन ऋण मिल सके। साथ ही किसानों को उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक उचित मूल्य पर स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराए जाएंगे। उपायुक्त सहकारिता राजेश उइके ने बताया कि पैक्स सदस्य किसानों को विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं अभियानों का लाभ प्राथमिकता से मिलेगा। इसके अलावा सदस्य सहकारी संस्था के निर्णयों में भागीदारी कर सकते हैं तथा लाभांश प्राप्त कर सकते हैं, जिससे वंचित एवं कमजोर वर्गों का भी सशक्तिकरण होगा। वनांचल क्षेत्र बैहर की गढ़ी समिति में अभियान की शुरुआत करते हुए प्रबंधक लेखा पी. जोशी ने कहा कि सहकारी समितियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आधारशिला हैं, जो किसानों को ऋण, कृषि आदान, भंडारण एवं विपणन जैसी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराती हैं। उन्होंने बताया कि अभी भी कई पात्र किसान सदस्य नहीं हैं, जिन्हें इस अभियान के माध्यम से जोड़ा जा रहा है। यह सघन सदस्यता अभियान 15 मई तक संचालित किया जाएगा। जिले के किसानों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में समितियों की सदस्यता ग्रहण कर सहकारी सुविधाओं का लाभ ले।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजना मोनु बर्वे उकवा

मो. 74156-52935

# परसवाड़ा में बाबासाहेब आंबेडकर की 135 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई..

जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***तहसील मुख्यालय परसवाड़ा के विश्राम गृह के समीप भारत के महान समाज सुधारक एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया।***







कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष समलसिंह धुर्वे, विशेष अतिथि जिला लघु वनोपज समिति अध्यक्ष अशोक मंडलेकर, जनपद उपाध्यक्ष कांति राहंगडाले, तथा प्रमुख अतिथि जिला पंचायत सदस्य दलसिंह पन्द्रे एवं तामेश्वर पटेल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत के साथ हुई, जिसके बाद छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बाबा साहेब के जीवन पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। एकल गीत, नृत्य एवं नाट्य मंचन के माध्यम से उनके संघर्षपूर्ण जीवन को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। विशेष रूप से कन्या शिक्षा परिसर की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम को उपस्थित जनों ने सराहा।

कार्यक्रम के दौरान जनपद अध्यक्ष समलसिंह धुर्वे ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया, जिसे उपस्थित जनसमूह एवं विद्यार्थियों ने दोहराया। अपने उद्बोधन में जिला लघु वनोपज समिति अध्यक्ष अशोक मंडलेकर ने कहा कि बाबासाहेब आंबेडकर न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व में एक महान समाज सुधारक के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने दलित, पीड़ित और शोषित वर्ग के उत्थान के लिए जो कार्य किए, वे सदैव स्मरणीय रहेंगे। जिला पंचायत सदस्य दलसिंह पन्द्रे एवं तामेश्वर पटेल ने भी जयंती के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दीं। वहीं जनपद अध्यक्ष समलसिंह धुर्वे ने अपने संबोधन में कहा कि बाबासाहेब उच्च शिक्षित एवं दूरदर्शी व्यक्तित्व के धनी थे, जिन्होंने सदैव वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया और समाज को नई दिशा दी।

कार्यक्रम के दौरान समाज के बुजुर्गजनों का सम्मान कर उन्हें शील्ड प्रदान की गई। कार्यक्रम के उपरांत बौद्ध धर्मावलंबियों द्वारा नगर में रैली निकालकर जयंती का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष समलसिंह धुर्वे, जिला पंचायत सदस्य दलसिंह पन्द्रे, तामेश्वर पटेल, जनपद उपाध्यक्ष कांति राहंगडाले, जिला लघु वनोपज समिति अध्यक्ष अशोक मंडलेकर, रमाबाई बौद्ध विहार अध्यक्ष निर्मला भिमटे ताई, जनपद सदस्य गणेश राहंगडाले, करन तेकाम, लोकेश राहंगडाले, लोकेश रंगारे, दुर्गेश बिसेन, विशाल महानंद, राकेश मिश्रा, अशोक गोस्वामी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी धन्नाराम उइके, सहायक संचालक एवं बीडीओ डी.डी. ठाकरे, महिला बाल विकास अधिकारी ललिता चंचल, प्राचार्य शिवकुमार मानेश्वर, प्राचार्य जयंत खांडवे, प्रभारी प्राचार्य सुनीता पन्द्रे, आजीविका मिशन समन्वयक संदीप चौरसिया, खेल समन्वयक खेमलाल वरकड़े सहित सांदीपनि विद्यालय, माता सबुरी कन्या शिक्षा परिसर एवं रानी दुर्गावती शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसवाड़ा के छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं सुरक्षा में तैनात पुलिस बल मौजूद रहे।

# विद्यालय में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई..

जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***रानी दुर्गावती शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, परसवाड़ा में डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर की 135वीं जयंती बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।***







कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के सभा कक्ष में किया गया, जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी.डी. ठाकरे, प्रभारी प्राचार्य सुनिता पंद्रे, वरिष्ठ शिक्षक वेदप्रकाश पटले, नेहा पाण्डेय, एच.एल. पंद्रे, पी.आर. खोबरागड़े, गीता गौतम सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। इसके बाद उपस्थित शिक्षकों का स्वागत किया गया। छात्र-छात्राओं ने बाबा साहब के जीवन और उनके विचारों पर अपने विचार व्यक्त किए। कक्षा 9वीं एवं 10वीं की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया और खूब सराहना प्राप्त की।

वरिष्ठ शिक्षक वेदप्रकाश पटले ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अम्बेडकर एक महान समाज सुधारक थे, जिनके अथक प्रयासों से देश को संविधान मिला। उन्होंने जीवनभर संघर्ष कर समाज के वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने का कार्य किया।

प्रभारी प्राचार्य सुनिता पंद्रे ने बताया कि डॉ. अम्बेडकर उच्च शिक्षा प्राप्त महान विद्वान थे, जिन्होंने अमेरिका और लंदन से उच्च उपाधियाँ प्राप्त कीं। वहीं विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी.डी. ठाकरे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. अम्बेडकर के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने सामाजिक समानता, शिक्षा और न्याय के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया और जाति प्रथा व छुआछूत के खिलाफ संघर्ष किया। कार्यक्रम में शिक्षक योगेश्वरी बिसेन, बिन्दु ब्रम्हे, मोहसिन खान, अनिता चौधरी, खेल समन्वयक खेमलाल वरकड़े, मनोज वरकड़े, प्रवीण बिसेन, तरन्नुम खान, हर्ष कुमार, कार्यालय सहायक दुर्गेश भैरम, पंकज चौकसे सहित समस्त शालेय परिवार एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# स्वच्छता एक्शन प्लान कार्यशाला का भव्य समापन, जनप्रतिनिधियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

जगप्रेरणा लामता।

***भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल (मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़) के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय***



लामता की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित दो दिवसीय स्वच्छता एक्शन प्लान कार्यशाला का समापन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्रीमती भारती पारधी (बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र) एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक श्री मधु भगत उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अशोक श्रोती, युवा अधिकारी डॉ. राजकुमार वर्मा, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शोभाराम मेहरा एवं डॉ. देवांशु गौतम की विशेष उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, स्वामी विवेकानंद एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाई गई। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

अपने संबोधन में सांसद श्रीमती भारती पारधी ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता के प्रति दिया गया संदेश अत्यंत प्रेरणादायक है और इसे निरंतर जारी रखना चाहिए। विधायक श्री मधु भगत ने स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की।

डॉ. अशोक श्रोती ने स्वयंसेवकों को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया, वहीं डॉ. राजकुमार वर्मा ने निरंतर प्रयास को सफलता की कुंजी बताया। डॉ. शोभाराम मेहरा ने लगन और मेहनत से कार्य करने की प्रेरणा दी तथा डॉ. देवांशु गौतम ने भी अपने विचार साझा करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य प्रो. सुंदरलाल बिसेन द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर अजय बैस, हुलासमल कोचर, विनोद बोथरा, योगेश खैरवार सहित गणमान्य नागरिक, महाविद्यालय स्टाफ, एनएसएस स्वयंसेवक एवं कोर टीम के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किया गया।

# मॉयल की नई पहल: जरूरतमंदों को मिलेगा नि : शुल्क घुटना प्रत्यारोपण का लाभ..

जगप्रेरणा भरवेली।

***भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अधीन मिनिरत्न सार्वजनिक उपक्रम मॉयल लिमिटेड द्वारा जनहित में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक और सराहनीय पहल की गई है। कंपनी ने नागपुर स्थित इंदिरा गांधी गवर्नमेंट***

मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (मेयो अस्पताल) के साथ मिलकर निःशुल्क घुटना प्रत्यारोपण **(knee replacement)** सर्जरी की सुविधा शुरू की है। इस योजना का उद्देश्य उन जरूरतमंद मरीजों को राहत प्रदान करना है, जो किसी भी सरकारी स्वास्थ्य योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं और आर्थिक तंगी के कारण महंगे इलाज से वंचित रह जाते हैं।

इस महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी में आने वाला पूरा खर्च मॉयल लिमिटेड द्वारा वहन किया जाएगा। आमतौर पर यह सर्जरी काफी महंगी होती है, जिसके चलते आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के कई मरीज समय पर उपचार नहीं करा पाते। ऐसे में मॉयल की यह पहल उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

अस्पताल प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस योजना का लाभ मुख्य रूप से नागपुर एवं भंडारा जिले के खनन क्षेत्रों के 10 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को प्राथमिकता के आधार पर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले अन्य पात्र मरीज भी इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

पात्र हितग्राहियों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग, आईजीजीएमसीएच (ढ्ढत्रत्ररूष्ट॥) और मॉयल लिमिटेड के संयुक्त सहयोग से खनन क्षेत्रों में विशेष स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा मरीजों की विस्तृत जांच की जाएगी और उनकी स्वास्थ्य स्थिति के आधार पर सर्जरी के लिए पात्रता तय की जाएगी। इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि योजना का लाभ सही और जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंचे।

आईजीजीएमसीएच के डीन ने बताया कि इस पहल से विशेष रूप से उन मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी, जो लंबे समय से घुटनों के दर्द या गठिया जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन आर्थिक अभाव के कारण इलाज नहीं करा पा रहे थे। अब उन्हें उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा निःशुल्क उपलब्ध हो सकेगी। मॉयल लिमिटेड द्वारा समय-समय पर सामाजिक दायित्व (ष्टस्क्र) के तहत विभिन्न जनकल्याणकारी कार्य किए जाते रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता जैसे क्षेत्रों में कंपनी की सक्रिय भागीदारी रही है। इसी कड़ी में यह नई योजना भी समाज के कमजोर वर्गों के जीवन स्तर को सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। यह पहल न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को व्यापक बनाएगी, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में भी सहायक सिद्ध होगी। सरकार और सार्वजनिक उपक्रम के इस संयुक्त प्रयास से यह उम्मीद की जा रही है कि भविष्य में और भी ऐसे कल्याणकारी कार्यक्रम सामने आएंगे, जिससे आमजन को सीधा लाभ मिल सके। कुल मिलाकर, मॉयल लिमिटेड और मेयो अस्पताल की यह साझेदारी स्वास्थ्य क्षेत्र में एक मिसाल बन सकती है, जो अन्य संस्थानों को भी समाजहित में आगे आने के लिए प्रेरित करेगी।

# संदिग्ध हालात में युवक का शव फांसी पर लटका मिला, पैर बंधे होने से हत्या की आशंका

जगप्रेरणा परसवाड़ा (बैहर)।

***बैहर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सहेजना अंतर्गत मोतीटोला में एक 35 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका मिला। मृतक की पहचान प्रकाश चौरठे***





निवासी झांगुल मोतीटोला के रूप में हुई है। शव मिलने के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है, जबकि पुलिस प्रारंभिक तौर पर इसे आत्महत्या मानकर जांच कर रही है।

## एक दिन पहले हुआ था लापता

जानकारी के अनुसार प्रकाश चौरठे गांव के एक फार्महाउस में सुपरवाइजर के रूप में कार्यरत था। फार्महाउस में अगरबत्ती निर्माण और सब्जी की खेती होती है। 13 अप्रैल की सुबह वह रोज की तरह काम पर गया था। शाम करीब 5 बजे मोटर पंप बंद करने के लिए नाला की ओर गया, लेकिन वापस नहीं लौटा। इसके बाद मजदूरों ने परिजनों को सूचना दी। परिजनों और ग्रामीणों ने रातभर उसकी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चला। बाद में पुलिस को गुमशुदगी की सूचना दी गई।

## अगले दिन झाड़ियों में मिला शव

14 अप्रैल की सुबह पुनः तलाश के दौरान नाला के पास झाड़ियों में प्रकाश का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। खास बात यह रही कि मृतक के दोनों पैर बंधे हुए थे। वहीं कुछ दूरी पर उसका मोबाइल फोन पड़ा मिला। घटनास्थल पर किसी अन्य व्यक्ति का गमछा, हेडफोन और हाथ का कड़ा भी बरामद हुआ है।

## परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

मृतक के चाचा विनोद चौरठे ने बताया कि जिस तरह से शव मिला है, उससे स्पष्ट रूप से हत्या की आशंका लगती है। उनका कहना है कि पहले हत्या कर शव को फांसी पर लटकाया गया होगा। उन्होंने पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## पुलिस बोली- प्रथम दृष्टया आत्महत्या

बैहर थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जांच जारी

घटना की सूचना मिलते ही एसएफएल टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ।। गुमशुदगी सूचना ।।



सूचित किया जाता है कि बालाघाट जिले के ग्राम झांगुल पोष्ट बोदा, तहसील परसवाड़ा के निवासी बलराम चोरठे, पिता का नाम - कुंवरलाल चोरठे दिनांक 06/04/2026 को अचानक दिमागी स्थिति खराब होने के कारण घर से निकल गए हैं। तब से अब तक उनका कोई पता नहीं चल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इनके बारे में कोई जानकारी मिले या कहीं दिखाई दें, तो कृपया नीचे दिए गए नंबरों पर तुरंत संपर्क कर जानकारी प्रदान करें। हो सकता है कि आपकी थोड़ी सी कोशिश एक परिवार को अपने सदस्य से मिलाने में मददगार बन सके। अधिक जानकारी के लिये इस नंबर पर कॉल करें.. मो. 9669063574, मो. 7247666870

मान्यता ऑटो पार्ट्स



सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।

Hero BAJAJ HONDA TVS

मनीष वर्मा

मो. 9425448126

वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)




सोने, चांदी व हीरे जड़ित
आभूषणों के निर्माता व विक्रेता
शुद्धता और विश्वास की अनूठी परंपरा
गणपति ज्वेलर्स
महावीर चौक, मेन रोड, बालाघाट मो. 9893129013






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900


# कटंगी में श्रद्धापूर्वक मनाई गई संत शिरोमणि सेन महाराज की 726 वीं जयंती, ब्लॉक कांग्रेस ने टेका मत्था..

जगप्रेरणा कटंगी।

***ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कटंगी द्वारा संत शिरोमणि सद्गुरु श्री सेन महाराज की 726वीं जयंती हर्षोल्लास और गरिमापूर्ण तरीके से मनाई गई। नगर के वार्ड क्रमांक 12 स्थित सेन महाराज के मंदिर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं और***





सेन समाज के नागरिकों ने एकत्रित होकर बाबा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## संतों का संदेश मानवता के कल्याण के लिए: बोधसिंह भगत

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व सांसद बोधसिंह भगत ने संत सेन महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, ÷संत शिरोमणि सेन जी महाराज ने भक्ति और कर्म के समन्वय का जो मार्ग दिखाया, वह आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने सदैव मानवता, समानता और सेवा का संदेश दिया। उनके विचार किसी एक समाज के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव जाति के उत्थान के लिए हैं। हमें उनके जीवन से सादगी और निस्वार्थ सेवा की प्रेरणा लेनी चाहिए।÷

## अंतिम पंक्ति के व्यक्ति का उत्थान ही सच्ची श्रद्धांजलि: कपिल मेश्राम

जिला अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष एवं पार्षद कपिल मेश्राम ने अपने संबोधन में कहा कि, ÷सेन महाराज जैसे महापुरुषों ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर समरसता का भाव जगाया। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम उनके आदर्शों को केवल नारों तक सीमित न रखें, बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य करें। कांग्रेस पार्टी सदैव इन महापुरुषों के पदचिन्हों पर चलते हुए सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है।÷

## भाईचारे का प्रतीक है सेन जयंती: नीरज हिरावत

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नीरज हिरावत ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि, ÷संत सेन महाराज की जयंती हमें प्रेम और भाईचारे के साथ रहने की सीख देती है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा हर वर्ष इस गौरवशाली दिवस को मनाया जाता है ताकि नई पीढ़ी अपने महान संतों और उनके गौरवशाली इतिहास से परिचित हो सके। नगर की सुख-समृद्धि के लिए बाबा का आशीर्वाद सदैव बना रहे, यही हमारी कामना है।÷

## सामाजिक और राजनैतिक जनों की रही उपस्थिति

इस अवसर पर पार्षद मितेश कुमरे, अशोक तुरकर, शुभम अग्रवाल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश कड़वे, बलदेव कड़वे, अनमोल शर्मा सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सेन समाज की ओर से ब्लॉक अध्यक्ष फुलचंद कड़वे, उमाशंकर लांजेवार, सखाराम वाटकर, अंचल नागमोते, अंकित श्रीवास, रमेश गन्नुरकर सहित अन्य सामाजिक बंधुओं ने भी सहभागिता की और मंदिर में पूजा-अर्चना कर महाप्रसाद का वितरण किया।

# कटंगी में बाबा साहब की जयंती पर उमड़ा जनसैलाब: भव्य बाइक रैली और सेवा कार्यों से किया नमन..

जगप्रेरणा कटंगी।

***संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर नगर कटंगी में श्रद्धा और उत्साह का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला।***





गुजरी चौक स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने माल्यार्पण कर उन्हें भावांजलि अर्पित की।

## विशाल बाइक रैली ने किया नगर भ्रमण

जयंती समारोह के उपलक्ष्य में बाबा साहब समिति के तत्वावधान में एक विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली गुजरी चौक से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। रैली में शामिल युवा और नागरिक बाबा साहेब के जयघोष और राष्ट्रभक्ति के नारों से वातावरण को गुंजायमान कर रहे थे। हाथों में नीला ध्वज लिए उत्साही अनुयायियों ने एकता का संदेश दिया।

## अस्पताल में फल वितरण कर सेवा का संकल्प

सेवा कार्यों की कड़ी में बाबा साहब समिति द्वारा महाराणा प्रताप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरण किया गया। इस दौरान समिति के सदस्यों और अतिथियों ने मरीजों का हाल-चाल जाना और बाबा साहब के सेवा भाव के संदेश को चरितार्थ किया।

## संविधान निर्माता का राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान: वक्ता

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष कपिल मेश्राम ने कहा, ÷बाबा साहब एक महामानव थे, जिन्होंने विश्व के सबसे विशाल और सशक्त संविधान का निर्माण कर राष्ट्र निर्माण में अभिन्न योगदान दिया।÷ सभा को नगर के गणमान्य नागरिकों ने भी संबोधित किया और बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

## जनप्रतिनिधियों और प्रमुख हस्तियों की रही गरिमामयी उपस्थिति

इस भव्य आयोजन में नगर मंडल अध्यक्ष मुकेश चौकसे, सांसद प्रतिनिधि लुब्धेश्वर राहंगडाले और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुनील जैन विशेष रूप से सम्मिलित हुए। उनके साथ ही बाबा साहब समिति के अध्यक्ष संजय शेण्डे, महासचिव यशवंत गनवीर, सामाजिक कार्यकर्ता विरेन्द्र डोंगरे, सुनील डोंगरे, संजय डोंगरे, सुनील खोबरागड़े और संजय सेल्हारकर की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। संपूर्ण नगर में बाबा साहब की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।


दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे।। मो। 9329033433


# अम्बेडकर जयंती पर शोभायात्रा का पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने किया स्वागत..

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***संविधान शिल्पकार एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर नगर में बौद्ध समाज द्वारा विविध आयोजन धूमधाम के साथ किए गए। इस अवसर पर निकली भव्य शोभायात्रा का***










भाजपा कार्यालय के सामने पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के साथ भाजपा के पदाधिकारियों ने स्वागत भी किया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह ज्योतिबा फुले चौक से डीजे की धुन पर निकली भव्य बाइक रैली से हुई। जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और ÷जय भीम÷ के नारों से पूरा नगर गूंज उठा।

दोपहर बाद बौद्ध समाज द्वारा आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी रही। शोभायात्रा के दौरान नेहरू चौक के समीप युवक-युवतियों ने शानदार नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। यह रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए अम्बेडकर चौक पहुंची, जहां डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर विधिवत माल्यार्पण किया गया। इस दौरान समाज की मातृशक्तियों ने भी उन्हें सलामी अर्पित की।

शोभायात्रा का भाजपा कार्यालय के सामने पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के साथ भाजपा के पदाधिकारियों ने शीतल पेयजल,कलेट का वितरण भी किया। इस दौरान पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने सामाजिक बंधुओ को शुभकामनाये प्रदान करते हुये कहा की डॉ आंबेडकर जी के विचार सामाजिक समरसता, समानता एवं न्यायपूर्ण समाज की स्थापना के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेंगे।

इस दौरान भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सन्दीप मिश्रा, मिलिन्द नगपुरे, आलोक खरे, राजू गोयल,प्रवीण रूसिया, संजय गुप्ता, शैलेंद्र तिवारी, अमित एरपुड़े, मुस्लिम समाज के अध्यक्ष इकबाल खान, मनोज दादरे, अरमान खान, विक्की एडे, मिथलेश बुरडे, मयंक मिश्रा, जगदीश नेमा, महेंद्र कावड़े, प्रबल जायसवाल, मदनलाल चावके, पवन धुर्वे आदि साथ भी रहे।

# नाबालिक के दुष्कर्मी कटंगी उमरी निवासी 24 वर्षीय युवक को आजीवन कारावास की सजा..

जगप्रेरणा कटंगी।

***बालाघाट जिले के थाना कटंगी क्षेत्र अंतर्गत नाबालिक बालिका के अपरहरण एवं दुष्कर्म के प्रकरण में माननीय न्यायालय ने कठोर दण्ड देते हुए आरोपी आयुष उर्फ लक्की शेण्डे को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।***



उक्त घटना के संबंध में थाना कटंगी में अपराध क्रमांक 266/2021 धारा 366ए, 376, 376 (2) एन भादवि एवं 5 (एल) सहपठित धारा 6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। प्रकरण की विवेचना थाना कटंगी के उपनिरीक्षक केनसिंह धुर्वे द्वारा की गई, जिनके द्वारा प्रकरण में सुदृढ़ एवं सारगर्भित विवेचना करते हुए आवश्यक साक्ष्य संकलित कर समय से अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मामले में प्राप्त जानकारी के अनुसार नाबालिग के पिता ने बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, तब पुलिस ने लड़की को ढूंढा और उस तक पहुंच गई, तब लड़की ने पूछताछ में बताया कि वह घर में छोटी-छोटी बातों पर डांट से नाराज थी और बिना बताए घर से निकल गई थी। रास्ते में उसे आयुष मिला, जो उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ नागपुर, हैदराबाद और बेंगलुरु ले गया और उसके साथ गलत काम किया।

प्रकरण में अभियोजन की ओर से सशक्त पैरवी ऋतुराज कुमरे, विशेष लोक अभियोजक/ए.डी.पी.ओ. वारासिवनी द्वारा, जिला लोक अभियोजन अधिकारी कपिल कुमार डेहरिया के मार्गदर्शन में की गई। माननीय न्यायालय विशेष न्यायाधीश श्रीमती कविता इवनाती (पॉक्सो एक्ट), वारासिवनी, जिला बालाघाट (म.प्र.) द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक एससी 47/2021 में विचारण उपरांत अभियुक्त आयुष उर्फ लक्की पिता संजय शेण्डे, उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम उमरी, तहसील कटंगी, जिला बालाघाट को दोषसिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास एवं 2000/- रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया तथा अर्थदंड अदा न करने पर 03 माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगताए जाने का आदेश पारित किया गया। बालाघाट पुलिस द्वारा की गई प्रभावी विवेचना एवं अभियोजन की सशक्त पैरवी के परिणामस्वरूप आरोपी को कठोर दंडित किया जा सका।

# 48 घंटों के भीतर पुलिस को मिली सफलता, मोटर पंप चोरी कर खरीदी ब्रिकी करने वाले 3 गिरफ्तार..

जगप्रेरणा कटंगी।

***तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम गुडरूघाट के सार्वजनिक कुएं से मोटर पंप की चोरी की वारदात को अंजाम देकर खरीदी-ब्रिकी करने वाले 03 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जबकि इस मामले में एक आरोपी अब भी फरार है।***



जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस ने एक मोटर पंप, चोरी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एक चाकू और कुछ नकदी रकम भी बरामद की। तीनों ही आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया है। चोरी की घटना में शामिल दो लोग आदतन अपराधी प्रवृत्ति के है। इसमें एक के खिलाफ हत्या जैसी वारदात को अंजाम देने का अपराध पंजीबद्ध है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार चोरी के मामले में रंजीत पिता अशोक उइके निवासी वार्ड नंबर 12 गुडरूघाट, निर्दोष पिता अशोक मेश्राम, निवासी वार्ड नंबर 15 गुडरूघाट, दिलीप पिता शिवराम पराते निवासी वार्ड नंबर 1 मिरगपुर को गिरफ्तार किया गया है। वहीं इनु नगपुरे नाम का आरोपी फरार है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार रंजित और निर्दोष ने 10 अप्रैल की रात्रि 12 बजे चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने दिलीप पराते और ईनु नगपुरे को मोटर पंप और उससे जुड़ी अन्य सामग्री बेची। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज होते ही घटना की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए आरोपियों का पतासाजी की और घटना के 48 घंटे के भीतर चोर पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस रिकार्ड के अनुसार निर्दोष के खिलाफ हत्या की गंभीर धारा 302 का अपराध पूर्व में पंजीबृद्ध है। वहीं रंजित के खिलाफ भी मारपीट का अपराध दर्ज है। पुलिस ने बताया कि मोटर पंप चोरी के आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 379, 317 की कार्रवाई की है।

# बकरी पालन योजना से बदली संदीप सैय्याम की जिंदगी, आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े कदम

जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***जिले के परसवाड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम चीनी (पोस्ट-भिड़ी) के निवासी पशुपालक संदीप सैय्याम आज बकरी पालन के माध्यम से आत्मनिर्भरता की मिसाल बन रहे हैं। बैंक ऋण एवं शासकीय अनुदान से संचालित ÷10+1 बकरी पालन इकाई योजना÷ ने उनके जीवन को नई दिशा दी है।***



इस योजना के अंतर्गत संदीप सैय्याम को 10 देशी नस्ल की बकरियां एवं एक उन्नत नस्ल का जमनापरी बकरा प्रदान किया गया। इस इकाई की कुल लागत 77 हजार 456 रुपये रही, जिसमें 46 हजार 474 रुपये शासकीय अनुदान, 23 हजार 236 रुपये बैंक ऋण तथा 07 हजार 746 रुपये हितग्राही अंशदान शामिल रहा।

संदीप सैय्याम ने प्राप्त राशि का योजनानुसार समुचित उपयोग करते हुए बकरियों की संख्या बढ़ाई और उनके लिए उच्च गुणवत्ता वाला संतुलित आहार भी खरीदा। पहले जहां उनके पास सीमित संख्या में बकरियां थीं, वहीं अब इस योजना के माध्यम से पशुधन में वृद्धि हुई है, जिससे उनकी आय के नए स्त्रोत विकसित हुए हैं। पूर्व में उनका परिवार केवल कृषि और मजदूरी पर निर्भर था, जिससे जीवनयापन में कठिनाई होती थी। लेकिन अब बकरी पालन व्यवसाय ने उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है। मात्र दो माह में उनकी बकरियों से 3 बच्चों (2 बकरी एवं 1 बकरा) का जन्म हुआ, जिनका वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 15 हजार रुपये आंका गया है। पशुपालन विभाग की ओर से भी उन्हें निरंतर सहयोग मिल रहा है। पशु चिकित्सकों द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण एवं आहार प्रबंधन की जानकारी दी जा रही है, जिससे पशुधन स्वस्थ और उत्पादक बना हुआ है। संदीप सैय्याम की यह सफलता कहानी न केवल अन्य ग्रामीणों के लिए प्रेरणास्त्रोत है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि शासकीय योजनाओं का सही उपयोग कर ग्रामीण स्तर पर स्वरोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण संभव है।


दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो. 9329033433


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजय टेंभरे लांजी
मो. 7697505999

जग प्रेरणा
लांजी किरनापुर
● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# अंबेडकर जयंती पर लांजी सहकारी समिति में सघन सदस्यता अभियान की शुरुआत..

## किसानों को जोड़ने की पहल..





जगप्रेरणा लांजी।

***अंबेडकर जयंती के अवसर पर सहकारी समिति लांजी में कार्यक्रम आयोजित कर सघन सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई।***

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट अंतर्गत सेवा सहकारी समिति लांजी में यह अभियान प्रारंभ हुआ, जिसका उद्देश्य पात्र गैर-सदस्य किसानों को जोड़कर उन्हें संस्थागत ऋण एवं सहकारी सुविधाओं का लाभ दिलाना है।

14 अप्रैल को मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिनव सिंह बघेल एवं उपायुक्त सहकारिता राजेश उइके द्वारा लांजी में किसानों की उपस्थिति में सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई। इस दौरान नवीन सदस्यों का फूलमाला एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीईओ अभिनव सिंह बघेल ने कहा कि जिले के सभी कृषि भूमिधारकों को सहकारी समितियों से जोड़ना आवश्यक है, ताकि उन्हें शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर अल्पकालीन फसल ऋण एवं कम ब्याज दर पर मध्यमकालीन ऋण मिल सके। साथ ही किसानों को उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक उचित मूल्य पर स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराए जाएंगे।

उपायुक्त सहकारिता राजेश उइके ने बताया कि पैक्स सदस्य किसानों को विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं अभियानों का लाभ प्राथमिकता से मिलेगा। इसके अलावा सदस्य सहकारी संस्था के निर्णयों में भागीदारी कर सकते हैं तथा लाभांश प्राप्त कर सकते हैं, जिससे वंचित एवं कमजोर वर्गों का भी सशक्तिकरण होगा।

सेवा सहकारी समिति लांजी में अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि सहकारी समितियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आधारशिला हैं, जो किसानों को ऋण, कृषि आदान, भंडारण एवं विपणन जैसी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराती हैं। उन्होंने बताया कि अभी भी कई पात्र किसान सदस्य नहीं हैं, जिन्हें इस अभियान के माध्यम से जोड़ा जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान घनश्याम वानखेड़े, कुमारी कचवाहे, ठाकुर प्रसाद, आकाश एड़े, ललीता बाई, दीनाराम, निलेश डहाके, रैजित कटरे, नितिश एड़े आदि सदस्यों को समितियों के सदस्य बनाकर कृषक क्रेडिट कार्ड जारी किया गया।

यह सघन सदस्यता अभियान 15 मई तक संचालित किया जाएगा। सभी किसानों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में समितियों की सदस्यता ग्रहण कर सहकारी सुविधाओं का लाभ ले। इस दौरान संस्था प्रबंधक एस बी रहांगडाले, मानिकलाल नगपुरे, आपरेटर नवलबिहारी पालीवाल, आर एल कचवाहे, ईशनलाल एड़े, गिरीश बड़घैया, राधेश्याम लिल्हारे, डी पी महेश्वरे, सुरेश सहारे, प्रमोद उमरे एवं समस्त समितियों के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# लांजी में गरिमा और उत्साह के साथ मनाई गई डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की 135 वीं जयंती..





जगप्रेरणा लांजी।

***नगर में भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम और गरिमा के साथ मनाई गई।***



कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9:00 बजे वार्ड नंबर 7 स्थित बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। प्रतिमा पर माल्यार्पण के दौरान भारतीय बौद्ध महासभा तहसील लांजी के अध्यक्ष प्रमोद कुमार भिमटे, नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा ताराचंद कालबेले, पार्षद सौरभ पशीने और पार्षद विजय गोस्वामी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इनके साथ ही भारतीय बौद्ध महासभा जिला बालाघाट के संयोजक के.के भलाधरे, भारतीय बौद्ध महासभा जिला बालाघाट के संगठक पी.डी. भलाधरे, नगर शाखा अध्यक्ष कमल मेश्राम, प्रज्ञा महिला मंडल तहसील अध्यक्ष शशि एम.के. बौद्ध और नगर शाखा अध्यक्ष धम्मशीला मेश्राम पी आर गजभिए महासचिव भारतीय बौद्ध महासभा तहसील लांजी ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उपस्थित अनुयायियों द्वारा त्रिशरण पंचशील ग्रहण किया गया और भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर बाबासाहेब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में बी.आर. रामटेके, लक्ष्मीकांत मड़ामे, बुद्धवर्धन उके, पार्वतीबाई रामटेके, वीणा बाई और आशाताई बोरकर सहित बड़ी संख्या में बाबासाहेब के अनुयाई मौजूद थे।

## सद्भावना रैली और सांस्कृतिक प्रस्तुति..

माल्यार्पण के पश्चात वार्ड नंबर 7 अंबेडकर चौक से एक विशाल 'सदभावना रैली' निकाली गई। यह रैली नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए बुद्ध घोष बुद्ध विहार दखनीटोला में संपन्न हुई। रैली के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भीम गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिससे वातावरण मंगलमय हो गया।

तहसील अध्यक्ष प्रमोद कुमार भिमटे ने अपने संबोधन में सभी अनुयायियों को जयंती की शुभकामनाएं देते हुए समाज को संगठित होकर कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विलास चौरे, वीरेंद्र कुमार हुमने, गौरव भालाधरे, महेश मेश्राम, राजेश भीमटे, चंद्रदीप रामटेके, नेहा बागड़े, संतोष वैद्य, सुरेश बंसोड़, प्रमोद बंसोड़, इंद्रजीत अहिरवार, उज्जवल, अशोक नागदेवे, ऋषभ उके, संदीप बोरकरराहुल का विशेष सराहनीय योगदान रहा।

# देवलगांव में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई







जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवलगांव में डॉ बाबा साहेब अंबडेकर उत्सव समिति एवं समस्त ग्राम वासियों के द्वारा 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर जी का 135 वाँ जयंती***

समारोह बौद्ध विहार ग्राम देवलगांव मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत 13 अप्रैल को प्रातः 11 डीजे बाजे गाजे तथा जय भीम के नारो के साथ प्रभात फेरी का आयोजन किया गया जो कि संपूर्ण ग्राम का भ्रमण कर बौद्ध विहार में समापन किया गया। इसके उपरांत 14 अप्रैल को होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई तथा नव निर्मित बौद्ध विहार में जयंती समारोह हर्षोल्हास के साथ आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आमगांव से पधारे भंते दीपेश नागवंशी के द्वारा विधि पूर्वक नव निर्मित प्रतिमाऐं जिनमें गौतम बुद्ध एवं डॉ बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमाओं का पूजन अर्चन कर अनावरण किया गया। तत्पश्चात बुद्ध वंदना एवं धम्म देशना, विचार संगोष्ठभ्तथागत बुद्ध एवं बाबा साहेब पर अपने विचार अतिथियों के द्वारा रखे गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती पुष्पा कमल किशोर ठाकरे, नीलचंद हरिनखेड़े, देवीलाल चौधरी, भरतलाल वरकड़े, भोजवंती छत्रपाल ठाकरे, संजित ठाकरे, देवराम बागड़े, माणिकदास महाराज, इंद्रराज टेभरे सहित समस्त अनुयायी एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे। जिनके द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर जी के महान कार्यो पर प्रकाश डालते हुये ग्रामीणो को उनके विशेष कार्यो से अवगत कराया गया तथा क्यों उन्हे भारतीय संविधान का शिल्पकार कहा जाता है इस विषय पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। समिति के अध्यक्ष हुलास राम वाहने, उपाध्यक्ष संजय मेश्राम, सचिव संतोष मेश्राम सहित कार्यक्रम के संयोजक समस्त बौद्ध उपासक एवं उपासिकाओं के द्वारा समस्त आंगतुको का कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिये आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रसादी वितरण भोज का कार्यक्रम समिति के द्वारा आयोजित किया गया था।

# डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की 135 वीं जयंती पर नवांकुर संस्था में गरिमामय आयोजन..





जगप्रेरणा लांजी।

***नवांकुर संस्था यूनिवर्सल ज्ञानदीप शिक्षण एवं जन कल्याण समिति, जन अभियान परिषद कार्याल लांजी में भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ भीमराव बाबा साहेब***

अंबेडकर जी 135वॉ जयंती समारोह गरीमामय माहौल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम भारत रत्न डॉ भीमराव आम्बेडकर के छायाचित्र पर संस्था के संचालक व शिक्षको द्वारा माल्यर्पण किया गया व कार्यक्रम की शुरूवात की गयी।

संस्था संचालक रमेश आसटकर के द्वारा भारत रत्न डां भिमराव आम्बेडकर के सम्पूर्ण जीवन पर अपने विचार व्यक्त किये। डॉ बाबा साहेब आंबेडकर जयंती भारत में हर साल 14 अप्रैल को मनाई जाती है। यह दिन भारतीय संविधान के निर्माता, समाज सुधारक और महान अर्थशास्त्री डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर को समर्पित है। संस्था में भी यह दिन बेहद श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। बाबा साहब आंबेडकर ने भारत के सामाजिक ढांचे को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और समानता, स्वतंत्रता और न्याय के सिद्धांतों को मजबूत किया। जिन्होंने भारतीय संविधान का निर्माण किया और सामाजिक समानता के लिए संघर्ष किया।डॉ. आंबेडकर को भारतीय संविधान का मुख्य शिल्पकार माना जाता है, जिन्होने भारत को लोकतांत्रिक ढांचा दिया। वे संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे। उन्हें भारतीय संविधान का जनक और मुख्य वास्तुकार कहा जाता है।

इस अवसर नवांकुर संस्था यूनिवर्सल ज्ञानदीप शिक्षण एवं जन कल्याण समिति लांजी के सचिव रमेश आसटकर, एवं संस्था के शिक्षक देवेंद्र क्षीरसागर, भानूप्रताप प्रजापति, शिक्षिका कु शरुति चौहान तथा यूनिवर्सल कम्प्यूटर इन्टिट्यूट लांजी में अध्यनरत छात्र विनय पशीने, गुलशन मेश्राम, आरजू टेम्भरे, नितेश लिल्हारे, सागर चुटे, और छात्रायें पलवी गजबे, महिमा नारनौरे, साक्षी लिल्हारे, तृप्ती वाकले, अंजली वाकले, ईशा आसटकर आदि उपस्थिति रहे। अंत में सभी को मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# लांजी में अघोषित बिजली कटौती से जनता त्रस्त, किसान और व्यापारी बेहाल





जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी क्षेत्र की जनता इन दिनों विद्युत विभाग की अघोषित विद्युत कटौती से हलाकान नजर आ रहे है। बिना किसी पूर्व सूचना के घंटो बिजली गुल होने से आमजन का***

जनजीवन अस्त व्यस्त नजर आने लगा है। जैसे जैसे गर्मी का पारा बढते जा रहा है वैसे वैसे बिजली की कटौती विद्युत विभाग की आंख मिचौली प्रारंभ हो गई है। समय पर बिजली नही होने से छोटे बडे व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

वर्तमान में ऐसे अनेको व्यापारी है जो कि सीजन के अनुसार शीतल पेय पदार्थ का व्यापार करते है ऐसे मे यदि घंटो बिजली गुल रहती है तो सीधे तौर पर इन व्यापारियों पर असर पड़ता है। इसके अतिरिक्त घरो में पेयजल को लेकर भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। भीषण गर्मी में पानी भी अधिक मात्रा में उपयोग में लाया जाता है जहां बिजली नही होने से घरो में पानी को लेकर परेशानी प्रारंभ हो जाती है।

वर्तमान में शुद्ध पेयजल से संबधित भी अनेको व्यापार है जो कि पानी की कैन के माध्यम से घरो एवं व्यापारियों के यंहा पानी का वाटप करते है। लेकिन बिजली नही होने से यह व्यापार भी उस दिन के लिये ठप्प पड़ जाता है। इसके अलावा, गन्ना जुस सेन्टर, आईस्क्रीम सेन्टर, शीतल पेय पदार्थ, लस्सी आदि के व्यापार पर भी सीधा असर बिजली गुल होने से पड़ता है।

## रोजाना घंटो बिजली गुल से परेशानी..

लांजी केन्द्र की ही बात की जाये तो बीते दो दिनों से ही विद्युत विभाग के द्वारा घंटो बिजली गुल कर दी गई है। कहीं पैनल शिफ्टींग का कार्य तो कही 11 केव्ही का तार टूट जाता है तो कही जंफर या डीओ वर्क के चलते बिजली गुल हो रही है। इसके अतिरिक्त घोषित विद्युत कटौती भी की जा रही है। जिसमें मेंटनेंस के नाम पर सुबह से शाम तक बिजली गुल कर दी जाती है। अब जहां 13 एंव 14 अप्रैल को घंटो बिजली गुल होने से जनता को परेशानी का सामना करना पड़ा है वहीं विद्युत विभाग के द्वारा घोषित बिजली कटौती में 18 अप्रैल को पुनः मेंटनेंस के नाम पर संपूर्ण लांजी केन्द्र सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहने की घोषणा की जा चुकी है इसमें समय घटया बढाया जा सकता है जो कि दोपहर से शाम हो जाती है लेकिन विद्युत सप्लाई बहाल नही हो पाता है। ऐसे में परेशानी का सामना सिर्फ जनता को करना पड़ता है।

## वर्तमान में रबी फसलों के लिये पानी की नितांत आवश्यकता..

लांजी क्षेत्र जो कि कृषि आधारित क्षेत्र है यहां सर्वाधिक कार्य किसानो के द्वारा अपने अपने खेतो में फसले लगाने का का कार्य किया जाता है। वर्तमान में क्षेत्र के किसानो ने रबी में धान की फसले लगाई है जिसे सर्वाधिक पानी की आवश्यकता होती है ऐसे में यदि बिजली गुल रहेगी तो उन्हे अपने खेतों मे लगी फसलों के लिये पानी कैसे मिलेंगा। और यदि समय पर पानी नही मिला तो भीषण गर्मी में निश्चित रूप से फसलें नष्ट हो जायेगी। किसान हजारो रूपये खर्च करके टीपी कनेक्शन लेता है और कनेक्शन लेने के बाद भी पूर्ण रूप से विद्युत आपूर्ति प्रदान नही की गई तो ऐसे में किसान क्या करे। शासन प्रशासन को चाहिये कि इस विषय को गंभीरता से लेवे जिससे क्षेत्र की जनता एवं किसानों को पूर्ण रूप से विद्युत आपूर्ति की जा सके।

# कम वजन की नवजात बालिका को सिविल अस्पताल लांजी में मिला नया जीवन..

## सफल उपचार के बाद डिस्चार्ज..



जगप्रेरणा लांजी।

***सिविल अस्पताल लांजी में लगातार मरीजो को बेहतर उपचार की सुविधाऐं प्राप्त हो रही है। उपस्थित डाक्टर्स एवं स्टाफके द्वारा लगातार यह प्रयास किया जाता है***

कि अस्पताल में आये मरीजो को हर संभव सुविधाओं के साथ उपचार प्राप्त हो सके। अत्याधुनिक चिकित्सा प्रणाली के साथ अस्पताल में उपचार किया जा रहा है तथा मरीजो को उपचार का फायदा भी मिल रहा है। इसी क्रम में सिविल अस्पताल लांजी में एक कम वजन के नवजात शिशु बालिका का उपचार एनबीएसयू में रखकर किया जो कि अब स्वस्थ है तथा बालिका एवं माँ को डिस्चार्ज कर दिया गया है। इस संबध में सिविल अस्पताल लांजी के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालाघाट के निर्देशन एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अक्षय उपराडे लांजी के मार्गदर्शन में डॉ अंकित खरोले शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा एन बी एस यु सिविल अस्पताल लांजी में नवजात शिशुओं को भर्ती कर उपचार किया जाता है। बतादे कि ग्राम थानेगांव की निवासी महिला निशा पति अमरलाल घरते जिनका प्रसव दिनांक 09 अप्रेल को हुआ सिविल अस्पताल लांजी में करवाया गया जिन्होने एक कन्या का जन्म दिया इस शिशु का जन्म के समय 1600 ग्राम वजन होने से इसे तत्काल एन बी एस यु में भर्ती किया गया जिसकी लगातार जाँच व् आवश्यक उपचार डॉ अंकित खरोले शिशु बाल रोग विशेषज्ञ द्वारा की गई जिससे शिशु का वजन 100 ग्राम बढ़ गया एवं 5 दिनों के बाद स्वस्थ स्थिति में अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया। प्रसूता एवं शिशु की देखभाल अस्पताल के अन्य चिकित्सक दल एवं नर्सिंग स्टाफ के द्वारा की गई। प्रसुता एवं उसके परिजनों के द्वारा सिविल अस्पताल लांजी में पदस्थ डॉ अंकित खरोले एवं स्टाफ का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



## श्रीमती कांता बाई रक्शे का निधन..

जगप्रेरणा लांजी।

क्षेत्र के ग्राम कुम्हारी कला निवासी स्व.नत्थुलाल नक्शे की धर्म पत्नी श्रीमती कांता बाई रक्शे का 70 वर्ष की आयु में 14 अप्रैल को शाम 4:30 बजे निधन हो गया। आप अपने पीछे दो पुत्र व एक पुत्री का भरा पुरा परिवार छोड़ इस लोक से विदा हो गये। इनका अंतिम संस्कार आज 15 अप्रैल को स्थानीय मोक्षधाम कुम्हारी कला में 11 बजे किया जाएगा। आपके निधन पर जनप्रतिनिधि, सामाजिक गणों, ईष्ट मित्रो,नाते रिश्तेदारों के द्वारा शोक संवेदना व्यक्त करते हुये परमपिता परमेश्वर से मृत आत्मा के शांति के लिये तथा इस दुख की घड़ी में परिवार को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की गई है।

## श्रीमति उर्मिलाबाई आसटकर पंचतत्व में विलीन..



जगप्रेरणा लांजी।

क्षेत्र के ग्राम ग्राम सौगलपुर निवासी नेतरामजी आसटकर की धर्मपत्नी श्रीमति उर्मिलाबाई आसटकर का 65 वर्ष की आयु में 14 अप्रैल को सुबह 6 बजकर 15 मिनट पर निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार 14 अप्रैल को दोपहर 1 बजे सोगलपुर के मोक्षधाम में किया गया। आप अपने पीछे एक पुत्र एवं दो पुत्रियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ स्वर्ग सिधार गई। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में इष्टमित्र, रिश्तेदार, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय लोगों ने शामिल होकर उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की तथा इस दुख की घड़ी में ईश्वर से परिवार को शक्ति प्रदान करने तथा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की।





# संघर्षरत एलएसजी के खिलाफ आरसीबी को बल्लेबाजों से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद



**बेंगलुरु, (भाषा)।**

***मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अब तक अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने में नाकाम रही लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की टीम के खिलाफबुधवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अपने बल्लेबाजों से फिर से धमाकेदार प्रदर्शन की उम्मीद करेगा।***

आरसीबी अभी छह अंकों के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर हैं और चार अन्य टीमें चार-चार अंकों के साथ उसका पीछा कर रही हैं। बेंगलुरु की टीम शीर्ष पर काबिज राजस्थान रॉयल्स से दो अंक और पंजाब किंग्स से एक अंक पीछे है। लेकिन सच्चाई यह है कि आईपीएल के इस सत्र में आरसीबी के बल्लेबाजों ने गेंदबाजों के मन में जितना खौफपैदा किया है, उतना कोई अन्य टीम नहीं कर पाई है। आरसीबी के बल्लेबाजों ने अभी तक एकजुट होकर प्रदर्शन किया है और सभी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह उसके शीर्ष पांच बल्लेबाजों के स्ट्राइक रेट में साफझलकता है।

विराट कोहली (स्ट्राइक रेट 162), फिल साल्ट (178), रजत पाटीदार (214), टिम डेविड (221) और देवदत्त पडिक्कल (201) ने आईपीएल 2026 में सभी टीमों के गेंदबाजों के सामने कड़ी चुनौती पेश की है।

इन पांचों बल्लेबाजों ने मिलकर चार मैचों में कुल 52 छक्के जड़े हैं। आईपीएल के इस सत्र में अभी तक आरसीबी ने सर्वाधिक छक्के जड़े हैं और उन्होंने 'रेंज-हिटिंग' को एक नए स्तर पर पहुंचा दिया है। इसी का नतीजा है कि आरसीबी में वर्तमान सत्र में अभी तक किसी भी मैच में 200 से कम रन नहीं बनाए हैं जिससे उनकी आक्रामक बल्लेबाजी का अंदाजा लगाया जा सकता है। कोहली में मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच के दौरान टखने में हल्की चोट आई थी जिससे इस मैच में उनके खेलने को लेकर अनिश्चितता थी । लेकिन कोहली अपने पैर में पट्टी बांधकर अभ्यास के लिये आये ।

आरसीबी अपने घरेलू मैदान पर अगले तीन मैच में भी परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाना चाहेगा। वह एलएसजी के बाद दिल्ली कैपिटल्स (18 अप्रैल) और गुजरात टाइटन्स (24 अप्रैल) के खिलाफयहां मैच खेलेगा। इसके बाद वह अपने अंतिम दो घरेलू मैच रायपुर में खेलेगा।

लेकिन क्या चिन्नास्वामी स्टेडियम में सुपर जायंट्स के गेंदबाजी आक्रमण से उन्हें किसी तरह की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। एलएसजी की तरफ से अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव और दिग्वेश राठी ने अब तक प्रभावशाली प्रदर्शन किया है।

शमी की 6.2 की इकॉनमी अब तक नियमित गेंदबाजों में सर्वश्रेष्ठ है, लेकिन इस तिकड़ी को बेंगलुरु की सपाट पिच पर आरसीबी के बल्लेबाजों के खिलाफसटीक गेंदबाजी करनी होगी। गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन के बावजूद एलएसजी तालिका में सातवें स्थान पर है और इसका मुख्य कारण उसके बल्लेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन है।

ऋषभ पंत की अगुवाई वाला बल्लेबाजी क्रम अभी तक लय में नहीं आया है। स्वयं कप्तान पंत चार मैचों में 130 के स्ट्राइक रेट से 103 रन ही बना पाए हैं।

मिचेल मार्श, एडन मार्क्रम, निकोलस पूरन जैसे अन्य शीर्ष बल्लेबाज तथा आयुष बडोनी और अब्दुल समद जैसे युवा भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

मुकुल चौधरी ने उम्मीद जगाई है लेकिन उन्हें अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखनी होगी। आरसीबी के गेंदबाजों का प्रदर्शन अभी तक उतार चढ़ाव वाला रहा है और एलएसजी के बल्लेबाज उसकी कमजोरी का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

## टीम इस प्रकार हैं:

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, टिम डेविड, जैकब बेथेल, रोमारियो शेफर्ड, जोश हेज़लवुड, नुवान तुषारा, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार, भुवनेश्वर कुमार, जॉर्डन कॉक्स, सुयश शर्मा, वेंकटेश अय्यर, स्वप्निल सिंह, जैकब डफी, कनिष्क चौहान, अभिनंदन सिंह, मंगेश यादव, फिल साल्ट, सात्विक देसवाल। विक्की ओस्तवाल, विहान मल्होत्रा।

लखनऊ सुपर जायंट्सः ऋषभ पंत (कप्तान), एडेन मार्क्रम, हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, मुकुल चौधरी, अक्षत रघुवंशी, जोश इंग्लिस, मिचेल मार्श, अब्दुल समद, शाहबाज़ अहमद, अर्शिन कुलकर्णी, वानिंदु हसरंगा, आयुष बडोनी, मोहम्मद शमी, अवेश खान, एम. सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह, आकाश सिंह, प्रिंस यादव, अर्जुन तेंदुलकर, एनरिक नोर्किया, नमन तिवारी, मयंक यादव, मोहसिन खान।

# ब्रिटेन में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के बाद सूर्यकुमार के भविष्य पर हो सकती है चर्चा

**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में भारत ने भले ही टी20 विश्व कप के खिताब का सफल बचाव किया हो लेकिन उनकी बल्लेबाजी फॉर्म को देखते हुए सवाल उठने लग गए हैं कि क्या उन्हें 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए टीम में शामिल किया जाएगा या नहीं।***

इस संदर्भ में जून-जुलाई में भारत का इंग्लैंड और आयरलैंड का दौरा कप्तान के लिए महत्वपूर्ण होगा क्योंकि उनकी कप्तानी से कहीं अधिक उनकी बल्लेबाजी पर नजर रखी जाएगी।

इस दौरे से यह तय हो सकता है कि क्या उन्हें 2028 में होने वाली बड़ी प्रतियोगिताओं तक टीम में बनाए रखा जाएगा या नहीं। वर्ष 2028 में अमेरिका में ओलंपिक और ऑस्ट्रेलिया में होने वाला टी20 विश्व कप शामिल हैं। सूर्यकुमार अब भी मुख्य कोच गौतम गंभीर की पहली पसंद बने हुए हैं, जिनका कार्यकाल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले 2028 टी20 विश्व कप तक बढ़ाए जाने की संभावना है। हालांकि यह देखना दिलचस्प होगा कि अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति गंभीर से सहमत होती है या नहीं, क्योंकि ओलंपिक के समय सूर्यकुमार की उम्र लगभग 38 साल हो जाएगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, ''सूर्या अभी टीम की कप्तानी कर रहे हैं। लेकिन उन्हें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि एक बल्लेबाज के रूप में वह अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखें। ब्रिटेन दौरे में वह कप्तानी करेंगे, लेकिन उसके बाद 2028 तक की चर्चा पूरी तरह से प्रदर्शन पर आधारित हो सकती है।''

सूर्यकुमार के लिए 2025 का साल बेहद खराब रहा, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 120 से भी कम हो गया और वे एक भी अर्धशतक नहीं बना सके थे। उन्होंने 2026 में हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया और 160 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाए जिसमें चार अर्धशतक भी शामिल है। टी20 विश्व कप में हालांकि अमेरिका के खिलाफपहले मैच को छोड़कर सूर्यकुमार का प्रदर्शन उल्लेखनीय नहीं रहा। उन्हें टीम में अपना स्थान बरकरार रखने के लिए अपने प्रदर्शन में हर हाल में निरंतरता लानी होगी। वैभव सूर्यवंशी का नाम टी20 टीम के लिए उन विशेषज्ञ खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है जिन्हें राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने जून-जुलाई में आयरलैंड दौरे के टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए संभावित खिलाड़ियों के रूप में चुना है।



सूत्र ने कहा, ''चयन समिति को पूरा विश्वास है कि वैभव तैयार है, लेकिन फिर आप संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन की बात कर रहे हैं। ये तीनों ही टी20 विश्व कप में अर्धशतक लगा चुके हैं। अगर आप चौथा ओपनर रखते हैं, तो यशस्वी जायसवाल भी मौजूद हैं।''

सूर्यवंशी सीनियर राष्ट्रीय टीम की तरफसे कब पदार्पण कर सकते हैं, इसके बारे में सूत्र ने कहा, ''यह ब्रिटेन का दौरा हो सकता है या जिम्बाब्वे का। लेकिन सबसे अच्छा मंच एशियाई खेल या वेस्टइंडीज के खिलाफघरेलू श्रृंखला हो सकती है क्योंकि ये दोनों प्रतियोगिताएं एक ही समय पर होंगी, इसलिए दो टी20 टीम का चयन करना होगा। वैभव इन दोनों में से एक भूमिका निभाएंगे, हो सकता है कि उन्हें इससे पहले ही चुन लिया जाए।''

# वार्न के बेटे ने कहा, कोविड के टीके के कारण हुई इस दिग्गज क्रिकेटर की मौत

**सिडनी, (भाषा)।**

***शेन वार्न के निधन के चार साल बाद उनके बेटे जैक्सन ने दावा किया है कि इस दिग्गज स्पिनर की मौत संभवतः कोविड के उन 'तीन या चार' टीकों के कारण हुई थी जो उन्हें 'काम करने के लिए मजबूरन लेने पड़े थे।'***

जैक्सन ने '2 वर्ल्ड्स कोलाइड पॉडकास्ट' पर बात करते हुए अपने पिता की स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को भी स्वीकार किया। वार्न का 2022 में थाईलैंड में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। उस समय उनकी उम्र 52 वर्ष थी। जैक्सन ने कहा ''मुझे पक्का लगता है कि इसमें (कोविड टीके का) हाथ था। मुझे नहीं लगता कि अब यह कहने से किसी तरह का विवाद पैदा होगा।

भले ही डैड (पिताजी) को पहले से ही कुछ स्वास्थ्य समस्याएं थीं, लेकिन मुझे लगता है कि टीका लगाने के कारण उनकी बीमारी खुलकर सामने आ गई। यह एक ऐसी बात है जिससे मैं हमेशा सोचता रहता हूं।''उन्होंने कहा, ''जैसे ही मैंने (वॉर्न की मौत की खबर मिलने के बाद) फोन रखा तो मेरी पहली प्रतिक्रिया यही थी कि मैंने तुरंत सरकार को दोषी ठहराया। मैंने तुरंत कोविड और टीके को दोषी ठहराया।'' जैक्सन ने कहा कि उन्होंने शोक सभा में अपने विचारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त करने से खुद को बड़ी मुश्किल से रोका था।

उन्होंने कहा, ''शायद यह समझदारी भरा कदम था कि मैंने ऐसा नहीं किया, अगर मैंने ऐसा किया होता तो मेरी स्थिति बिल्कुल अलग होती। लेकिन मुझे यही महसूस हुआ।''

जैक्सन ने कहा, ''पहले भी दिल का दौरा पड़ने से बहुत से लोग मर रहे थे। लेकिन डैड ठीक थे। मुझे लगता है उन्होंने तीन या चार (टीके) लगवाए होंगे। वह टीका नहीं लगवाना चाहते थे लेकिन अन्य लोगों की तरह काम करने के लिए उन्हें मजबूरन इन्हें देना पड़ा।''

उन्होंने कहा, ''मैं इसके बारे में ज्यादा नहीं सोचना चाहता हूं क्योंकि इससे केवल गुस्सा ही बढ़ता है। गुस्सा किसी के लिए भी अच्छा नहीं होता है।'' वार्न की जीवनशैली के बारे में



जैक्सन ने कहा कि धूम्रपान और शराब पीने के बावजूद यह अपेक्षाकृत स्वस्थ थे।

उन्होंने कहा, ''उस समय डैड स्वस्थ थे, खुश थे। वे काफी समय बाद इतने अच्छे दिख रहे थे। वह जरूर धूम्रपान करते थे और शराब पीते थे, लेकिन 80 और 90 वर्ष की उम्र के कई लोग डैड की तुलना में कहीं अधिक धूम्रपान करते हैं और शराब पीते हैं।'' वार्न निधन से कुछ महीने पहले कोविड-19 से संक्रमित हो गए थे। जब उनकी अचानक मौत हुई तो तब वह किसी तरह की गंभीर बीमारी से नहीं जूझ रहे थे।

# आईसीसी ने संजू सैमसन को मार्च महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना..

**दुबई, (भाषा)।**

***भारत की टी20 विश्व कप की जीत के नायक संजू सैमसन को मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का मार्च महीने का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना गया।***

सैमसन को इस प्रतियोगिता के शुरुआती मैचों में अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली थी लेकिन बाद में जब उन्हें टीम में शामिल किया गया तो उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ46 गेंदों पर 89 रन बनाकर भारत को इस साल की शुरुआत में लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब जीतने में मदद की थी।

सैमसन को यह मासिक सम्मान मिलने का मतलब है कि पिछले पांच महीनों में यह पुरस्कार किसी दूसरे देश के खिलाड़ी ने हासिल किया है। इस श्रेणी में पिछले चार खिलाड़ी साइमन हार्मर (दक्षिण अफ्रीका), मिचेल स्टार्क (ऑस्ट्रेलिया), डैरिल मिचेल (न्यूजीलैंड) और साहिबजादा फरहान (पाकिस्तान) शामिल हैं। सैमसन ने इस प्रदर्शन को अपने करियर का महत्वपूर्ण दौर करार दिया। उन्होंने कहा, ''आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल करना अविश्वसनीय अहसास है, विशेषकर इसलिए क्योंकि यह मेरे क्रिकेट करियर के सबसे अविस्मरणीय दौर में मिला है। पुरुष टी20 विश्व कप में भारत की जीत में योगदान देना सचमुच एक सपने के साकार होने जैसा था और उस पल के महत्व को पूरी तरह समझने में मुझे कुछ समय लगा।''



सैमसन ने कहा, ''भारतीय क्रिकेट के लिए यह एक रोमांचक दौर है, जिसमें हर क्षेत्र में अपार प्रतिभा मौजूद है। मुझे जो अवसर मिले उनके लिए मैं आभारी हूं। मैं टीम के साथियों और कोचिंग स्टाफका मुझ पर भरोसा दिखाने के लिए आभारी हूं जिसके कारण मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाया।'' सैमसन ने टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ 89 रन बनाने से पहले वेस्टइंडीज के खिलाफनाबाद 97 और इंग्लैंड के खिलाफसेमीफाइनल में 89 रन बनाए थे।

मार्च में खेले गए तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सैमसन ने 137.50 के औसत और 199.27 के शानदार स्ट्राइक रेट से 275 रन बनाए। सैमसन को पहली बार आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का सम्मान मिला है।

न्यूज़ीलैंड की कप्तान मेली केर ने ज़िम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफशानदार प्रदर्शन के बाद महिला वर्ग में तीसरी बार यह पुरस्कार हासिल किया। उन्होंने ज़िम्बाब्वे के खिलाफतीन मैच की वनडे श्रृंखला में 16 विकेट लेने के अलावा 140 रन भी बनाए।

# मेस्सी से मिलने का सपना हुआ सच: '52 ब्लू' के पोस्टर पर लियोनेल मेस्सी का साइन, एक सपनों भरी कहानी को मिला बड़ा साथ..

**डेस्क जगप्रेरणा।**

***दुनिया के मशहूर फुटबॉल खिलाड़ी Lionel Messi ने हाल ही में '52 ब्लू' के लीड एक्टर आशीष और फिल्म के निर्देशक अली एल अरबी से मुलाकात की। इस दौरान मेस्सी ने फिल्म के आधिकारिक पोस्टर पर साइन किया।***

यह पल फिल्म की टीम के लिए बहुत खास रहा, क्योंकि यह कहानी सपनों, हिम्मत और आगे बढ़ने की जिद को दर्शाती है। मेस्सी का यह कदम उन सभी लोगों के लिए प्रेरणा है जो अपने सपनों को सच करने की कोशिश करते हैं।

फिल्म की कहानी आशीष नाम के एक लड़के की है, जो केरल के एक छोटे से द्वीप से आता है। अपने पिता के संरक्षण में पले-बढ़े आशीष एक दिन अपने दिवंगत भाई की याद में अपने सपनों को पूरा करने के लिए घर छोड़ने का फैसला करता है। उसकी मां उसे हौसला देती है। इसके बाद वह कतर में होने वाले वर्ल्ड कप तक की यात्रा पर निकलता है, जहां उसका सपना अपने बचपन के हीरो लियोनेल मेस्सी से मिलने का है। इस सफर में उसे खुद को समझने, नए रिश्ते बनाने और जिंदगी के नए अनुभव मिलते हैं।

फिल्म में यादव शशिधर आशीष की भूमिका निभा रहे हैं। उनके साथ नेहा धूपिया उनकी मां लक्ष्मी के रोल में और आदिल हुसैन उनके पिता विजयन के किरदार में नजर आएंगे।

इस फिल्म का निर्देशन अली एल अरबी ने किया है, जो 'कैप्टेन्स ऑफ ज़ातारी' और 'गुडबाय जूलिया' जैसी फिल्मों से जुड़े रहे हैं। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी महमूद बशीर ने की है और एडिटिंग मैरियन ने संभाली है। फिल्म का निर्माण अली एल अरबी ने एंबियंट लाइट फिल्म्स के तहत किया है। इसके एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर तारिक अल-नामा हैं, जबकि को-प्रोड्यूसर खालिद अल अरबी, क्रिसैन कैटसूलिस और जो मैथ्यूज हैं। फिल्म में बादशाह का गाना ÷इट्स योर टर्न÷ भी शामिल है। निर्देशक अली एल अरबी ने कहा, ÷यह कहानी एक ऐसे बच्चे की है, जिसे उसके माता-पिता के डर और प्यार की वजह से दुनिया से दूर रखा जाता है। वह अपनी कल्पना में एक अलग दुनिया बना लेता है और एक ऐसे दोस्त से जुड़ जाता है, जो असल में उसके पास नहीं है। लेकिन जब वही दोस्त उसे घर छोड़ने की वजह बनता है, तो पिता के रोकने वाले प्यार और बच्चे की दुनिया देखने की चाह के बीच टकराव शुरू होता है। क्या प्यार हमें आजादी देता है, जैसा मां ने किया, या हमें रोक कर रखता है, जैसा पिता ने किया? इस फिल्म में असली विलेन प्यार ही है, साथ में अनुभव की कमी और खोने का डर।÷




उन्होंने आगे कहा, ÷'52 ब्लू' मुश्किल हालात में भी खुशी, आजादी और अपने रास्ते चुनने की कहानी है। यह फिल्म फुटबॉल और डांस के जरिए अपनी बात कहती है, जिससे दुनिया भर के लोग इससे जुड़ सकें। यह कहानी खुद को आजाद करने और पीढ़ियों से चले आ रहे डर और बोझ से बाहर निकलने की कोशिश है।÷






विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

जग प्रेरणा
# व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स
बुधवार 15 अप्रैल 2026





## टीसीएस नासिक प्रकरण एक अलग मामला, उद्योग में गलत आचरण कतई बर्दाश्त नहीं, : नैसकॉम..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के नासिक कार्यालय में यौन उत्पीड़न के आरोपों के बीच प्रौद्योगिकी कंपनियों के शीर्ष निकाय नैसकॉम ने मंगलवार को कहा कि इस तरह की घटना उद्योग के भीतर किसी व्यवस्थित प्रतिरूप को नहीं दर्शाती है।***




उसने कहा कि कंपनियों का रुख अनुचित व्यवहार को कतई बर्दाश्त नहीं करने का है और दुर्व्यवहार के मामलों में कंपनियां त्वरित अनुशासनात्मक कार्रवाई करती हैं।

नैसकॉम ने यह बात टीसीएस के नासिक कार्यालय में आठ महिला कर्मचारियों द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न और जबरन धर्म परिवर्तन के आरोपों के संदर्भ में कही है। यह घटना गहन जांच का विषय बन गई है और इस पर गंभीर चिंताएं पैदा हुई हैं।

टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने सोमवार को टीसीएस के नासिक कार्यालय में में यौन उत्पीड़न के आरोपों को 'बेहद चिंताजनक और पीड़ादायक' बताया और एक वरिष्ठ अधिकारी के नेतृत्व में मामले की जांच की घोषणा की।

नैसकॉम ने एक बयान में कहा कि भारतीय प्रौद्योगिकी उद्योग सम्मान, गरिमा और सुरक्षा की नींव पर बना है। उद्योग निकाय ने कहा कि उद्योग सख्त संचालन रूपरेखा और कर्मचारी सुरक्षा तथा कार्यस्थल पर बेहतर आचरण के लिए स्पष्ट मानकों के तहत काम करता है। नैसकॉम के बयान के अनुसार, ''दुर्व्यवहार या उत्पीड़न के किसी भी मामले को अत्यंत गंभीरता से लिया जाता है और संगठन स्थापित प्रक्रियाओं के अनुसार त्वरित, निर्णायक और उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हैं। इस प्रकार की घटना एक अलग मामला है और उद्योग के भीतर किसी व्यवस्थित प्रतिरूप को नहीं दर्शाती है।''

कर्मचारियों की सुरक्षा और उनका कल्याण प्रमुख प्राथमिकताएं हैं और उद्योग किसी भी प्रकार के अनुचित व्यवहार को कतई बर्दाश्त नहीं करता है।

प्रौद्योगिकी कंपनियों के संगठन ने कहा, ''इस क्षेत्र की सभी कंपनियों में सख्त एहतियाती और निवारण प्रणाली हैं जो परिभाषित आचार संहिता और वैधानिक कानूनी ढांचों के पूर्ण अनुपालन के जरिये समर्थित हैं, ताकि चिंताओं का शीघ्र, निष्पक्ष और उचित संवेदनशीलता के साथ समाधान सुनिश्चित किया जा सके।''

नैसकॉम ने कहा कि सुरक्षित, सम्मानजनक और जवाबदेह कार्यस्थलों के साथ सभी स्तरों पर एक भरोसेमंद कार्य परिवेश को बनाये रखना बुनियादी चीज है।

## आईडी फ्रेश का चार साल में अपने कारोबार को 2,500 करोड़ रुपये पर पहुंचाने का लक्ष्य

बेंगलुरु, (भाषा)।

***रेडी-टू-कुक पैकबंद खाद्य पदार्थ कंपनी आईडी फ्रेश फूड ने चार साल में अपने राजस्व को 2,500 करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी-भारत रजत दिवाकर ने यह जानकारी दी है।***




दिवाकर ने कहा कि अजीम प्रेमजी की पारिवारिक निवेश इकाई, प्रेमजीनिवेश के समर्थन वाली कंपनी, अलग-अलग जगहों और जिन श्रेणियों में यह काम करती है, वहां मजबूत मांग के रुख से उत्साहित है। उन्होंने कहा कि इसकी योजना पूरे भारत में नए संयंत्र लगाने और मांग पूरी करने के लिए मौजूदा संयंत्रों की क्षमता बढ़ाने की है।

उन्होंने पीटीआई-भाषा को बताया, ''भारतीय अर्थव्यवस्था में जिस तरह की वृद्धि हम देख रहे हैं, कम से कम मेरे हिसाब से, सभी जगहों पर हमारी मुख्य श्रेणी को अपनाने से कोई शक नहीं है कि हम 10 से 15 साल में एक अरब डॉलर का व्यवसाय बन सकते हैं।''

दिवाकर ने कहा कि कंपनी का अभी का लक्ष्य अगले चार साल में 2,500 करोड़ रुपये का कारोबार हासिल करना है, जो वितरण बढ़ाने, उत्पाद श्रृंखला में नवाचार और ताज़ा, आसान खाने के समाधान के लिए ग्राहकों की बढ़ती पसंद से आगे बढ़ेगा।

दिवाकर ने कहा कि वर्ष 2005 में शुरू हुई आईडी फ्रेश फूड की मौजूदगी 100 से ज़्यादा शहरों में है। वित्त वर्ष 2024-25 में इसका राजस्व लगभग 680 करोड़ रुपये था। यह पिछले पांच साल में लगभग 20 प्रतिशत की संचयी वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ रहा है।

सार्वजनिक होने के बारे में पूछे जाने पर, दिवाकर ने कहा, ''सूचीबद्धता को लेकर अभी हमारे पास कोई पक्की योजना नहीं है... किसी कंपनी को सूचीबद्ध करने के लिए, बहुत सी चीज़ें सही होनी चाहिए। मुझे नहीं लगता कि हम अभी वहां पहुंचे हैं। एक बार जब हमें लगेगा कि इसके लिए सभी चीज़ें सही जगह पर हैं, तो शायद तभी हमारे पास कोई तारीख होगी।''

कंपनी का अभी ध्यान वितरण बढ़ाने, उत्पाद श्रृंखला में नवाचार करने और ताज़ा, आसान खाने के समाधान के लिए ग्राहक की बढ़ती पसंद का फ़ायदा उठाना है।

दिवाकर ने कहा, आईडी फूड ने पहले वित्त वर्ष 2026-27 में 1,000 करोड़ रुपये की कंपनी बनने का लक्ष्य रखा था। ''यह मील का पत्थर हासिल करने के लिए कंपनी काफी हद तक अपनी राह पर है।''

## ईंधन दक्षता मानदंडों के मसौदे की समीक्षा जारी, कार्यान्वयन समयसीमा पर चर्चा की जाएगी: सियाम

नई दिल्ली, (भाषा)।

***वाहन बनाने वाली कंपनियों के शीर्ष निकाय सोसायटी ऑफइंडियन ऑटोमोबाइल मैनुफैक्चरर्स (सियाम) ने मंगलवार को कहा कि वह ईंधन दक्षता मानक कैफे तीन के नए मसौदे की समीक्षा कर रहा है***



और कार्यान्वयन की समयसीमा पर अंतिम राय बनाने के लिए सभी विनिर्माताओं की तैयारी पर अपने सदस्यों के साथ बातचीत करेगा।

सियाम के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने कॉरपोरेट औसत ईंधन दक्षता (कैफे-तीन) मानकों के नए मसौदे में छोटी कारों के लिए प्रस्तावित प्रोत्साहनों के बारे में पूछे जाने पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) चंद्रा ने कहा, ''सियाम ने छोटी कारों पर कभी टिप्पणी नहीं की क्योंकि यह एक ऐसा विषय था जिस पर अलग-अलग राय थी।''

नियमों को लेकर वाहन विनिर्माताओं के बीच मतभेद बने हुए हैं। छोटी कार विनिर्माता कंपनियों का तर्क है कि वजन और किफायत के आधार पर कैफे-तीन मानकों में उन्हें रियायत दी जानी चाहिए, जबकि बड़े मूल उपकरण विनिर्माता इस भेदभावपूर्ण व्यवहार का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि इससे सुरक्षा सुविधाओं से समझौता होगा।

मारुति सुजुकी और टोयोटा किर्लोस्कर जैसी कंपनियां छोटी कारों को लाभ देने की मांग कर रही हैं, वहीं टाटा मोटर्स, महिंद्रा, हुंदै और किआ जैसी अन्य कंपनियां इसके खिलाफहैं।

छोटी कारों को दिए जाने वाले प्रोत्साहनों को लेकर वाहन उद्योग में मतभेदों को दूर करने का प्रयास करते हुए उन्होंने कहा, ''एक संशोधित मसौदा आया है, जिसकी हम अगले एक-दो दिन में समीक्षा करेंगे। हम ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) के साथ बैठक करने जा रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि यह बैठक समयसीमा के संबंध में रचनात्मक रहेगी।''

यह पूछे जाने पर कि क्या उद्योग एक अप्रैल, 2027 तक कैफे तीन मानदंडों को लागू करने की स्थिति में होगा, जबकि अभी तक मानदंडों को अंतिम रूप नहीं दिया गया है, चंद्रा ने कहा, ''अभी हम समयसीमा और सभी मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) की तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं।''

उन्होंने कहा, ''फिर हम अगले एक-दो दिन में बीईई के साथ होने वाली बैठक में अपनी बात रखेंगे और इस पर निर्णय लेंगे। इसलिए उससे पहले, मसौदे में क्या है या हम क्या रुख अपनाने जा रहे हैं, इस पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकते।''

उल्लेखनीय है कि भारी उद्योग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव हनीफ कुरैशी ने सोमवार को कहा था कि अगले वर्ष एक अप्रैल से वाहन विनिर्माताओं को ईंधन दक्षता के कड़े मानदंडों का पालन करना होगा। इसका कारण कॉरपोरेट औसत ईंधन दक्षता (कैफे तीन) मानकों के कार्यान्वयन की समय सीमा बढ़ाये जाने की संभावना नहीं है।

दिल्ली की इलेक्ट्रिक वाहन नीति के बारे में पूछे जाने पर चंद्रा ने अधिक अनुकूल परिवेश बनाने और अनिवार्यताओं को कम करने का समर्थन किया।

दिल्ली की ईवी नीति में केवल इलेक्ट्रिक तिपहिया और दोपहिया वाहनों को अनिवार्य करने और जनवरी, 2027 से नए सीएनजी तिपहिया वाहनों और अप्रैल, 2028 से नए पेट्रोल दोपहिया वाहनों के पंजीकरण पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव है,

उन्होंने कहा, ''सियाम का मानना है कि हमें इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के लिए अनुकूल परिवेश बनाना चाहिए।''

इस बारे में विस्तार से बताते हुए चंद्रा ने कहा, ''अनुकूल परिवेश से मेरा तात्पर्य शून्य कार्बन उत्सर्जन प्रौद्योगिकियों की राह में आने वाली बाधाओं को दूर करना है। यह प्रोत्साहनों के माध्यम से संभव है। इसके साथ चार्जिंग बुनियादी ढांचे की चुनौतियों को दूर करना है, ताकि उपभोक्ता स्वाभाविक रूप से इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर आकर्षित हों...।''

## भारत में बॉश ब्रांड के एयर कंडीशनर पेश करने पर विचार, हिताची लेबल बना रहेगा: कंपनी एमडी

कोलकाता, (भाषा)।

***घरेलू उपकरण बनाने वाली कंपनी बॉश होम कम्फर्ट इंडिया लिमिटेड भारत में 'बॉश' ब्रांड के एयर-कंडीशनर (एसी) पेश करने की संभावना तलाश रही है।***




अगर ऐसा होता है तो यह एशिया में बॉश की एसी खंड में पहली दस्तक होगी। कंपनी के प्रबंध निदेशक संजय सुधाकरन ने पीटीआई-भाषा से कहा कि बॉश ब्रांड के एयर कंडीशनर भारत में पेश करने की योजना 'विचाराधीन' है लेकिन इसके लिए अभी कोई समयसीमा तय नहीं की गई है।

फिलहाल कंपनी भारत में हिताची ब्रांड के तहत इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की बिक्री करती है।

सुधाकरन ने स्पष्ट किया कि हिताची ब्रांड भारत में दीर्घकालिक लाइसेंस समझौते के तहत बना रहेगा। हालांकि, कंपनी दोहरे ब्रांड की रणनीति पर भी विचार कर रही है।

बॉश ग्रुप ने वर्ष 2024 में जॉनसन कंट्रोल्स-हिताची एयर कंडीशनिंग में नियंत्रक हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया था। इसका उद्देश्य वैश्विक हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग कारोबार को मजबूत करना है।

इस अधिग्रहण के बाद खुली पेशकश के जरिये भारतीय इकाई में बॉश की हिस्सेदारी 82 प्रतिशत से अधिक हो गई और कंपनी का नाम बदलकर बॉश होम कम्फर्ट इंडिया लिमिटेड कर दिया गया।

परिचालन स्तर पर कंपनी ने पिछले चार वर्षों में शोध एवं विकास पर लगभग 500 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

कंपनी को माल ढुलाई दरों में उतार-चढ़ाव, मुद्रा विनिमय दरों में बदलाव, कच्चे माल की कीमतों और 2026 के नए स्टार रेटिंग मानकों के चलते लागत में कम-से-कम 12 प्रतिशत वृद्धि का सामना करना पड़ रहा है।

इस पर सुधाकरन ने कहा कि लागत में बढ़ोतरी का कुछ हिस्सा ही उपभोक्ताओं पर डाला गया है। उन्होंने बताया कि इसका पूरा प्रभाव आगामी वित्तीय नतीजों में दिखेगा।

## भारतीय अर्थव्यवस्था के 2026 में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना: आईएमएफ..

वाशिंगटन, (भाषा)।

***अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था वर्ष 2026 में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है।***




आईएमएफ ने अपनी 'वैश्विक आर्थिक परिदृश्य' रिपोर्ट में यह अनुमान जताते हुए कहा कि इस साल 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ भारत प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

मुद्राकोष ने भारत के संदर्भ में कहा, ''वर्ष 2026 के लिए वृद्धि अनुमान में 0.3 प्रतिशत अंक की हल्की बढ़ोतरी की गई है। इसके पीछे 2025 के मजबूत प्रदर्शन का असर और भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत किए जाने जैसे कारक हैं। इन कारकों ने पश्चिम एशिया संघर्ष के नकारात्मक प्रभाव को काफी हद तक संतुलित कर दिया है।''

रिपोर्ट के मुताबिक, यदि पश्चिम एशिया संघर्ष अपेक्षाकृत अल्पकालिक रहता है, तो वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर में हल्की गिरावट आ सकती है।

इसके साथ ही मुद्राकोष ने वर्ष 2027 में भी भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर के 6.5 प्रतिशत पर बने रहने का अनुमान जताया।

साथ ही आईएमएफने 2026 में वैश्विक वृद्धि दर 3.1 प्रतिशत और 2027 में 3.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया, जो 2025 के अनुमानित 3.4 प्रतिशत से कम है। बाजार विनिमय दरों के आधार पर वैश्विक उत्पादन 2026 और 2027 दोनों वर्षों में 2.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है।

आईएमएफ ने कहा कि जनवरी, 2026 की तुलना में इस बार वैश्विक वृद्धि के अनुमान में सीमित कटौती करने का यह कारण है कि संघर्ष से उत्पन्न नकारात्मक झटकों का असर कुछ हद तक सकारात्मक कारकों- जैसे कम शुल्क, पहले से लागू नीतिगत समर्थन और 2025 के अंत एवं 2026 की पहली तिमाही में अपेक्षा से बेहतर आर्थिक प्रदर्शन से नियंत्रित हो रहा है।

## पश्चिम एशिया संघर्ष : भारत का सोया खली निर्यात 63 प्रतिशत घटकर 60,000 टन पर सिमटा..

इंदौर (मध्यप्रदेश), (भाषा)।

***महंगी कीमतों और पश्चिम एशिया में तनाव के असर से भारत का सोया खली निर्यात मार्च में करीब 63 प्रतिशत घटकर महज 60,000 टन रह गया। प्रसंस्करणकर्ताओं के एक संगठन ने मंगलवार को यह अनुमान जताया।***



संगठन के अनुमान के मुताबिक, मार्च, 2025 में देश से 1.62 लाख टन सोया खली का निर्यात किया गया था।

भारतीय सोयाबीन प्रसंस्करणकर्ता संघ (सोपा) के कार्यकारी निदेशक डी एन पाठक ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया,''भारतीय सोया खली के दाम अमेरिका, ब्राजील और अर्जेंटीना जैसे प्रमुख निर्यातक देशों की तुलना में लंबे वक्त से अधिक बने हुए हैं।''

पाठक ने बताया, ÷पश्चिम एशिया के संघर्ष के कारण ईरान के साथ ही संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), कुवैत और ओमान जैसे देशों में भारतीय सोया खली निर्यात की आपूर्ति बाधित हुई है। इससे निर्यात पर दबाव बढ़ा है।÷

वैसे मार्च में सोया खली की घरेलू खपत मजबूत रही। सोपा के अनुमान के मुताबिक, पिछले महीने देश में पशु आहार के रूप में इसका उपयोग बढ़कर छह लाख टन पर पहुंच गया। यह मार्च, 2025 में पांच लाख टन के स्तर पर था।

इन आंकड़ों से संकेत मिलता है कि निर्यात में कमजोरी के बावजूद घरेलू पशु आहार उद्योग सोया खली की मांग को सहारा दे रहा है।

पश्चिम एशिया का संघर्ष 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बाद शुरू हुआ था। इस संघर्ष से वैश्विक ऊर्जा बाजार ठप हो गया और आयात-निर्यात बाधित हुआ।

प्रसंस्करण कारखानों में सोयाबीन का तेल निकाल लेने के बाद बचने वाला उत्पाद 'सोया खली' कहलाता है। यह उत्पाद प्रोटीन का बड़ा स्त्रोत है। इससे सोया आटा और सोया बड़ी जैसे खाद्य पदार्थों के साथ ही पशु आहार तथा मुर्गियों व मछलियों का दाना भी तैयार किया जाता है।





विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# सम्राट चौधरी होंगे बिहार के नए मुख्यमंत्री

## राजभवन पहुंच सरकार बनाने का पेश किया दावा..

## आज सुबह 11 बजे शपथ होगा ग्रहण..

### केन्द्रिय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में सर्वसम्मति से चुने गए भाजपा विधायक दल के नेता..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी अब बिहार के नए मुख्यमंत्री होंगे। उन्हें पहले बीजेपी फिर एनडीए विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। इसके बाद सम्राट राजभवन पहुंचे और राज्यपाल से मिलकर उन्होंने सरकार बनाने का दावा पेश किया।***

जानकारी के अनुसार 15 अप्रैल को लोकभवन में शपथग्रहण समारोह होगा। इसके साथ ही बिहार में पहली बार सम्राट चौधरी के रुप में भाजपा का मुख्यमंत्री होगा।

गौरतलब है कि विधानसभा के सेंट्रल हॉल में एनडीए की बैठक में नीतीश सम्राट के प्रस्तावक बने। नीतीश ने उन्हें माला पहनाई। विधायकों से ताली बजवाई। सम्राट ने भी पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद उन्होंने कहा, 'मैंने नीतीश जी से राजनीति सीखी है। उनके साथ मैंने काम किया है। उनके समृद्ध बिहार को और आगे ले जाना है। इसके पूर्व सम्राट चौधरी को सर्वसम्मति से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक दल का नेता चुना गया। पटना स्थित भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित बैठक के समापन के बाद केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि निवर्तमान उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सम्राट चौधरी के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका समर्थन निवर्तमान मंत्री दिलीप जायसवाल

और मंगल पांडेय ने किया। विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त चौहान ने बताया कि इसके बाद उपस्थित सभी विधायकों ने सर्वसम्मति से चौधरी को अपना नेता चुन लिया। अब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन विधायक दल की बैठक होगी जिसमें चौधरी के नाम पर औपचारिक मुहर लगेगी। तारापुर से भारतीय जनता पार्टी के विधायक चौधरी ने नेता चुने जाने पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

### बोले सम्राट चौधरी..

चौधरी ने एक बयान में कहा, पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा मुझ पर विश्वास जताते हुए यह दायित्व सौंपने के लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। यह मेरे लिए केवल एक पद नहीं, बल्कि बिहार की जनता की सेवा, उनके विश्वास और सपनों को साकार करने का एक पवित्र अवसर है। उन्होंने कहा कि वह पूर्ण निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ जन-जन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का संकल्प लेते हैं। चौधरी ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तथा पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में मैं बिहार को विकास, सुशासन और समृद्धि के नए आयामों तक ले जाने के लिए निरंतर प्रयास करता रहूंगा।''

### बोले शिवराज सिंह चौहान..

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बिहार के विकास के लिए पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने राज्य को 'जंगलराज' से बाहर निकालकर विकास के पथ पर आगे बढ़ाया। उन्होंने विश्वास जताया कि सम्राट चौधरी उनके पदचिह्नों पर चलते हुए बिहार को आगे ले जाने का कार्य करेंगे।

# छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में वेदांता पावर प्लांट में विद्युत संयंत्र में हुए विस्फोट में 9 लोगों की मौत, 15 अन्य घायल..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार दोपहर बॉयलर ब्लास्ट हो गया। हादसे में 9 मजदूरों की मौत हो गई है, वहीं 15 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि***

दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर ने बताया कि घटना जिले के डभरा थाना क्षेत्र के सिंघीतराई गांव में हुई जहां वेदांता कंपनी के विद्युत संयंत्र में बॉयलर के ट्यूब में विस्फोट हो गया। ठाकुर ने बताया कि जिस वक्त यह घटना हुई वहां काफी संख्या में श्रमिक काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि कम से कम नौ श्रमिकों की मौत हो गई तथा 15 अन्य घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि तीन श्रमिकों की मौत घटनास्थल पर हुई तथा छह अन्य की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस दल मौके पर पहुंचा और वहां से मजदूरों को बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि घटना में घायल 15 मजदूरों को रायगढ़ के एक अस्पताल भर्ती कराया गया है। इनमें कुछ की हालत गंभीर है। ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद इस संबंध में कार्रवाई की जाएगी। संयंत्र में बड़ी संख्या में पुलिस दल को तैनात किया गया है।

### वेदांता ने दी जानकारी..

वेदांता विद्युत संयंत्र के प्रवक्ता ने बताया, 'आज दोपहर को हमारे सिंघीतराई संयंत्र की एक बॉयलर यूनिट में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई, जिसमें यूनिट का संचालन और रखरखाव करने वाले उप-ठेकेदार एनजीएसएल के कर्मचारी शामिल थे। हमारी पहली प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि प्रभावित सभी लोगों को सर्वोत्तम संभव चिकित्सा सहायता और उपचार मिले।' उन्होंने कहा,

'हम घायलों को पूरा सहयोग दे रहे हैं और चिकित्सा टीम तथा स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हम घटना का पूरा विवरण जुटाने की प्रक्रिया में हैं, हमारे साझेदार तथा संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर एक विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। इस मुश्किल समय में, हमारी संवेदनाएं और गहरी सहानुभूति प्रभावित लोगों के परिवारों के साथ है।'

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें..
मो. 9329033433

# भानेगांव में ट्रांसफार्मर के नीचे लगी आग, सतर्कता से टला बड़ा हादसा...



जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भानेगांव में एक भीषण हादसा स्थानीय नागरिकों की सतर्कता से टल गया जहां बताया जा रहा है कि 14 अप्रैल को शाम करीब 6 बजे भानेगांव के बाजार चौक स्थित ट्रांसफार्मर के नीचे झाडियों में अज्ञात कारणो से आग लग गई।***

अज्ञात कारणो से लगी आग कुछ ही देर में विकराल रूप धारण करने लगी थी क्योंकि भीषण गर्मी का दौर है साथ ही झाडिया भी सुखी रहती है इसी बीच वहां गुजर रहे पत्रकार रूपेश रावते की नजर आग पर पड़ी और उन्होने तत्काल मामले को गंभीरता से लेते हुये विद्युत विभाग को सूचना दी गई तथा लाईन बंद करने कहा गया ताकि कोई बड़ा हादसा ना घटित हो सके। इसके साथ स्थानीय लोगो के साथ मिलकर आग पर काबू पाने की कोशिश की गई। जिनमें ऋषि गौतम, प्रहलाद चौधरी, कीर्ति समरिते, आशीष बल्ले, अंकुश बोरकर एवं सिद्धू रंगारी भी मौके पर मौजूद रहे और आग पर नियंत्रण पाने में सहयोग किया। स्थानीय लोगों के अनुसार, यदि समय पर आग पर काबू नहीं पाया जाता तो ट्रांसफार्मर को नुकसान पहुंच सकता था, जिससे पूरे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था बाधित होने के साथ ही आसपास की दुकानों और घरों को भी खतरा हो सकता था। वहीं इस संबंध में विभाग के अधिकारी से चर्चा की गई तो उन्होने बताया कि अज्ञात कारणो से आग लगने की जानकारी प्राप्त हुई थी समय रहते स्थानीय लोगो की सहायता से आग पर काबू पाया गया है। आग लगने के चलते कुछ विद्युत केबल जले है जिन्हे दुरस्त कर दिया जाकर सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति प्रारंभ कर दी गई।

# महाराष्ट्र में एक मई से रिक्शा और टैक्सी चालकों के लिए मराठी भाषा जानना अनिवार्य..



### कैबिनेट मंत्री प्रताप सरनाइक ने जारी किये निर्देश..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री प्रताप सरनाइक ने मंगलवार को कहा कि राज्य में एक मई से सभी लाइसेंस प्राप्त रिक्शा और टैक्सी चालकों के लिए मराठी जानना अनिवार्य होगा और मोटर परिवहन विभाग के कार्यालयों के माध्यम से एक राज्यव्यापी अभियान चलाया जाएगा।***

अपने कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में सरनाइक ने चेतावनी दी कि जिन चालकों को मराठी का बुनियादी ज्ञान नहीं है, उनके लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे। मंत्री ने कहा, एक मई (महाराष्ट्र दिवस) से सभी लाइसेंस प्राप्त रिक्शा और टैक्सी चालकों के लिए मराठी जानना अनिवार्य होगा। मोटर परिवहन विभाग के 59 क्षेत्रीय और उप-क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से राज्यव्यापी निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा ताकि यह सत्यापित किया जा सके कि चालक मराठी पढ़ और लिख सकते हैं या नहीं। सरनाइक ने कहा कि लाइसेंस जारी करने के लिए स्थानीय भाषा के ज्ञान की आवश्यकता वाला नियम पहले से ही लागू है, लेकिन इसका व्यापक रूप से उल्लंघन किया जा रहा है।

# तुर्किये में पूर्व छात्र ने स्कूल पर गोलीबारी की, 16 लोग घायल; हमलावर ने खुद को भी मारी गोली..




जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***दक्षिणपूर्वी तुर्किये के एक 'वोकेश्नल हाई स्कूल' में मंगलवार को एक पूर्व छात्र ने अंधाधुंध गोलीबारी की जिसमें कम से कम 16 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि हमलावर ने बाद में खुद को भी गोली मारकर जान दे दी।***

सानलिउर्फा के राज्यपाल हसन सिल्दाक ने बताया कि 18 वर्षीय हमलावर के पास एक शॉटगन थी और उसने सानलिउर्फा प्रांत के सिवेरेक स्थित इस स्कूल में अंधाधुंध गोलीबारी की और फिर उसी इमारत के अंदर छिप गया। उन्होंने बताया कि हमलावर ने बाद में उसी बंदूक से खुद को गोली मारकर अपनी जान ले ली। सिल्दाक ने बताया कि इस हमले में 10 छात्र, चार शिक्षक, कैंटीन का एक कर्मचारी तथा एक पुलिस अधिकारी घायल हो गए।

उन्होंने बताया कि अधिकांश घायलों का इलाज सिवेरेक में किया जा रहा है जबकि गंभीर रूप से घायल शिक्षकों और छात्रों को प्रांतीय राजधानी के एक अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। इस हमले का मकसद अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। सिल्दाक ने बताया कि हमलावर का कोई अपराधिक रिकॉर्ड नहीं था। उन्होंने कहा कि स्कूल को सुरक्षित घोषित कर दिया गया है और इसकी सुरक्षा के लिए कोई स्थायी पुलिस अधिकारी तैनात नहीं है। एनटीवी टेलीविजन और अन्य मीडिया की खबरों के अनुसार, हमलावर ने गोलीबारी से पहले सोशल मीडिया पर स्कूल पर हमला करने की धमकी दी थी। एक छात्र ने सरकारी समाचार एजेंसी अनादोलू को बताया कि वह और उसका एक दोस्त हमलावर से बचने के लिए अपनी कक्षा की खिड़की से कूद गए।

अनादोलू ने उमर फुरकान सयार के हवाले से बताया, 'वह (हमलावर) अचानक कक्षा में घुसा और गोली चलाने लगा। उसने चार-पांच बार गोली चलाई। दो लोगों को गोली लगी। फिर वह अगली कक्षा में चला गया।' उसने कहा, 'इसके बाद हममें से दो लोग खिड़की से कूद गए।'

इससे पहले मीडिया में आई खबरों के अनुसार, हमलावर के आत्मसमर्पण करने से इनकार करने के बाद पुलिस की विशेष अभियान इकाइयों को तैनात किया गया जबकि सभी छात्रों को परिसर से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सिल्दाक ने संवाददाताओं से कहा, 'पुलिस के हस्तक्षेप के बाद हमलावर को परिसर के अंदर घेर लिया गया, जिसके बाद उसने खुद को गोली मार ली जिससे उसकी मौत हो गई।' उन्होंने यह भी बताया कि गोलीबारी की व्यापक जांच की जाएगी। घटना के वीडियो में दर्जनों छात्र स्कूल से निकलकर गेट की ओर व सड़क पर भागते हुए दिखाई दिए।

# मुंबई में 48 घंटे के भीतर अलग-अलग हमलों में तीन लोगों की मौत, जांच जारी..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***पिछले 48 घंटे में शहर के विभिन्न हिस्सों में किए गए घातक हमलों की अलग-अलग घटनाओं में एक वरिष्ठ नागरिक सहित तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।***

पुलिस ने बताया कि दादर, माटुंगा और खेरवाड़ी में हुई घटनाओं में 28 वर्षीय युवक पर बर्बर हमला, एक वरिष्ठ नागरिक से पार्किंग को लेकर विवाद और चाकू मारे जाने की वारदात शामिल हैं। एक अधिकारी ने बताया कि दादर में रविवार को नाको सयाजी वाडी इलाके में अंकुश आंबेकर की एक गिरोह ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। आंबेकर का कथित आरोपियों में से एक गौरव सनस से विवाद था। जब वह एक दोस्त से मिलने जा रहे थे, तभी कुछ लोगों ने उनको रोककर उनकी पत्नी की मौजूदगी में उन पर बेरहमी से हमला किया।

अधिकारी ने बताया कि हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया और परेल के केईएम अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पीड़ित की पत्नी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर दादर पुलिस ने मामला दर्ज कर सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है और हमले में शामिल अन्य लोगों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

इसी तरह की एक अन्य घटना में, सोमवार को दादर टाटा ब्रिज के पास पार्किंग विवाद के चलते हुए हमले में वरिष्ठ नागरिक नरेश वाघेला की मौत हो गई।

अधिकारी ने बताया कि वाघेला ने वाहन को खड़ा करने के तरीके पर आपत्ति जताई थी, जिसके चलते आरोपियों साहिल घड़गे और शाहबाज शेख के साथ उनकी बहस हो गई। पुलिस के अनुसार, कहासुनी बढ़ गई और दोनों आरोपियों ने कथित तौर पर वाघेला पर उनकी पत्नी के सामने हमला किया। उन्हें केईएम अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

तीसरे पीड़ित अभिनव चौधरी की खेरवाड़ी इलाके में अज्ञात लोगों ने पुराने विवाद को लेकर चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि हमले के बाद मौके से फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

# गायत्री शक्तिपीठ में मनाई गई अंबेडकर जयंती..



जगप्रेरणा लांजी।

नगर के बस स्टेंड भिलाई रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ लांजी में गायत्री परिवार के कार्यकताओं द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

गायत्री शक्तिपीठ के परिवाजक विनोद तिड़के ने जानकारी में बताया कि सर्वप्रथम बाबा साहब के छाया चित्र के सामने दीप प्रज्जवलन कर माल्यार्पण किया गया तथा सभी उपस्थित परिजनों के द्वारा फूल चढ़ाकर नमन-वन्दन किया गया। गायत्री परिवार द्वारा चलाये जा रहे 'मानव मात्र- एक समान' अभियान के लिये उनके जीवन चरित्र को याद किया गया। गायत्री परिवार के अन्य कार्यक्रम पर्यावरण एवं जल संवर्धन पर भी चर्चा की गई।

इस पावन अवसर पर गायत्री परिवार के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी किसनलाल मेहरबान, तहसील संयोजक कवन लाल लिल्हारे, ट्रस्टी सूरजलाल बिलावर, पूरनलाल जैतवार, श्रीमती शोभा देवी वर्मा, श्रीमती प्रमिला तिड़के एवं कार्यकर्ता नरेन्द्र बनोठे, रामदयाल बड़गैया, छन्नूलाल दमाहे, भावेश तिड़के प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# 'बेवफाई की सजा' के नाम पर महिला से अमानवीय सलूक, पति समेत चार लोग गिरफ्तार..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल झाबुआ जिले में विवाहेतर संबंध की सजा के नाम पर लोगों ने 32 वर्षीय महिला का सरेआम मुंडन कर दिया और उसे उसके पति को कंधे पर बैठाकर गांव में घूमने के लिए मजबूर किया गया।***

पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया ने फोन पर 'पीटीआई-भाषा' को बताया,÷काकनवानी थाना क्षेत्र के एक गांव में 12 अप्रैल की रात आदिवासी समुदाय की एक महिला के साथ यह घटना हुई। घटना के वीडियो के बारे में पता चलने पर हमने भारतीय न्याय संहिता की संबद्ध धाराओं के तहत 10 लोगों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज किया है।'

उन्होंने बताया कि चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है जिनमें पीड़ित महिला का पति भी शामिल है। महोबिया ने बताया कि महिला के साथ अमानवीय सलूक के वीडियो बनाकर इन्हें सोशल मीडिया पर प्रसारित करने वाले लोगों को भी आरोपियों में शामिल किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक महिला की शादी 12 वर्ष पहले हुई थी और उसके दो बेटे हैं। उसने पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कहा कि ससुर द्वारा आए दिन परेशान किए जाने और मारपीट के कारण वह अपनी मर्जी से पति को छोड़कर प्रेमी के साथ चली गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक महिला के समुदाय के लोगों ने एक बैठक की और उसे पति के पास लौट जाने का फरमान सुना दिया। महिला ने शिकायत में कहा कि पति के गांव लौटते ही लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी और उसका सरेआम मुंडन करते हुए कपड़े फाड़ दिए। महिला ने शिकायत में यह भी कहा कि उसे उसके पति को कंधे पर बैठाकर गांव में घूमने के लिए मजबूर किया गया और इस घटनाक्रम के वीडियो बनाकर इन्हें सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया गया।















दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

लक्ष्मीनारायण दुबे तिरोड़ा

मो. 9404304226


## बोधिवृक्ष की छांव में महामानव को भावांजलि, गोरठा में श्रद्धा और उल्लास के साथ मना जन्मोत्सव



**जगप्रेरणा आमगांव।**
***गोंदिया मार्ग पर स्थित ग्राम गोरठा के भालेकर चौक में आज श्रद्धा, संकल्प और समरसता का अनूठा संगम देखने को मिला।***

अवसर था राष्ट्रनिर्माता, विश्वरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की 135वीं जयंती का, जिसे डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर स्मारक समिति के तत्वावधान में अत्यंत गरिमामय ढंग से मनाया गया। इस मांगलिक कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार एवं समिति के अध्यक्ष इसुलाल भालेकर ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि 'ज्योति ऑप्टिकल' के संचालक डॉ. जी. बी. आमकर एवं अन्य गणमान्य जनों की उपस्थिति में हुआ। अतिथियों ने तथागत भगवान गौतम बुद्ध एवं महामानव डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व माल्यार्पण कर अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। सामूहिक बुद्ध वंदना के साथ संपूर्ण वातावरण धम्ममय हो गया, जिसके पश्चात उपस्थित जनसमुदाय ने बाबासाहेब के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस जयंती समारोह में ग्राम के गणमान्य नागरिकों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सार्थकता प्रदान की। इनमें प्रमुख रूप से सुकदास भालेकर, नंदकिशोर बड़गे, ताराचंद साखरे, बारीक राव बड़गे, भीमराव शहारे, राजकुमार डोंगरे, योगराज डोंगरे, गोविंद कुंभलवार, कृणाल भालेकर, चंद्रकुमार वाघमारे, अनिलकुमार भालेकर, प्रेमदास डोंगरे, भूपेश सी. कुंभलवार, सुभाष शहारे, संतोष शहारे, विलास शहारे, प्रभात खोब्रागडे, ऐवन शहारे, हर्षित कुंभलवार, हिमांशु कुंभलवार, महेंद्र (बालू) शहारे, सौरव बड़गे, अक्षय शहारे एवं चि. समर्थ व चि. यश शहारे सम्मिलित थे। कार्यक्रम में महिलाओं और युवतियों की सक्रिय भागीदारी विशेष रूप से सराहनीय रही। सौ. अनुरमा भालेकर, सौ. वच्छला बड़गे, सौ. कमला बाई भालेकर, सौ. पुष्पा शहारे, रेखाताई शहारे, सौ. शारदा शहारे, सौ. ललिता शहारे, सौ. मोनिका शहारे, कु. अलिशा शहारे और कु. जिया भालेकर सहित अनेक श्राविकाओं ने महामानव के प्रति अपनी अटूट आस्था प्रकट की।

समारोह का कुशल संचालन भीमराव डोंगरे (गुरुजी) ने किया तथा उपस्थित जनों के प्रति आभार वीरेंद्र डोंगरे ने व्यक्त किया। संध्या काल में भव्य 'भोजनदान' (महाप्रसाद) का आयोजन किया गया, जो सेवा और समानता के संदेश के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन ने न केवल बाबासाहेब के विचारों को जीवंत किया, बल्कि संपूर्ण गोरठा क्षेत्र में एकता का सूत्र पिरोया।

## स्वदेशी तकनीक का कमालः संगीत की धुन पर नाचेंगे फव्वारे, आमगांव के युवा संशोधक को मिला पेटेंट..

### संगीत की धुन पर थिरकेंगे फव्वारे और रंगीन रोशनी, करोड़ों की 'म्युझिक सिंक्रोनाइज़्ड सिस्टम' अब आम आदमी की पहुंच में..

**जगप्रेरणा आमगांव।**
***दृढ़ संकल्प, अदम्य चिकाटी और नवाचार के दम पर गोंदिया जिले का नाम राष्ट्रीय पटल पर अंकित करने वाले आमगाव के सुपुत्र अनिल गुलाबचंद बरैया ने तकनीक की***

दुनिया में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। 'मां वैष्णवी मेडिकल एंड जनरल स्टोर्स' के संचालक अनिल बरैया द्वारा विकसित ए म्युझिक सिंक्रोनाइज़्ड वॉटर फाउंटन एंड एलईडी लाइटिंग सिस्टम' को भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा 10 अप्रैल 2026 को आधिकारिक रूप से प्रकाशित किया गया है। अनिल बरैया का यह आविष्कार कला और अभियांत्रिकी का एक अद्भुत समन्वय है। वर्तमान में बाजार में उपलब्ध 'म्युझिक सिंक्रोनाइज़्ड' प्रणालियां अत्यंत महंगी हैं, जिनकी लागत लाखों-करोड़ों रुपये तक होती है। इस कारण ऐसी आधुनिक प्रणाली का आनंद लेना आम नागरिकों के लिए एक स्वप्न मात्र था।



इसी बाधा को दूर करते हुए बरैया ने एक 'इकोनॉमिकल टू-इन-वन मॉडल' तैयार किया है। इस तकनीक की मुख्य विशेषता यह है कि संगीत बजते ही यह प्रणाली उसकी लय और ताल के अनुसार न केवल आकर्षक रंग-बिरंगी रोशनी बिखेरती है, बल्कि पानी के फव्वारे भी संगीत की धुन पर नयनरम्य आकृतियां उकेरते हैं। कम लागत में निर्मित होने के कारण अब सामान्य व्यक्ति भी इसे अपने घरों या बगीचों में सुलभता से स्थापित कर सकेगा।

दो माह में दो पेटेंटः शोध का स्वर्णिम सफर : अनिल बरैया की यह शोध यात्रा अचंभित करने वाली है। अभी मात्र दो महीने पहले ही, फरवरी 2026 में उन्होंने ए लार्ज स्केल डिजिटल क्लॉक सिस्टम' के लिए पेटेंट प्राप्त कर अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का लोहा मनवाया था। इतनी अल्प अवधि में दो महत्वपूर्ण आविष्कारों को सरकारी मान्यता मिलना पूरे गोंदिया जिले के लिए गौरव का विषय है।

पेटेंट आवेदन (क्रमांकः 202621018969) के अनुसार, यह परियोजना अब 'प्रकाशन' चरण को पूर्ण कर 'जांच' स्तर पर पहुंच गई है। बरैया का यह प्रयास 'मेक इन इंडिया' अभियान को नई शक्ति प्रदान करने वाला है।

### बोले अनिल गुलाबचंद बरैया..

'मेरा लक्ष्य ऐसी तकनीक विकसित करना है जो आधुनिक होने के साथ-साथ आर्थिक रूप से सुलभ भी हो। यह पेटेंट मेरे अखंड परिश्रम की पावती है। यदि भविष्य में सरकार से सहयोग प्राप्त होता है, तो मैं देशहित में और भी कई बड़े प्रोजेक्ट्स बनाने की इच्छा रखता हूँ।'

## एस डी बी विद्यालय में मनाई गई डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती..



**जगप्रेरणा तिरोडा।**
***डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर एस डी बी विद्यालय में श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।***

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में बाबा साहेब की प्रतिमा का पूजन एवं माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती जयश्री टेंभरे, सचिव अनुप बोपचे, कोषाध्यक्ष डॉ.संगीता बोपचे तथा व्यवस्थापिका श्रीमती अनिता बघेले सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिससे वातावरण देशभक्ति और सामाजिक जागरूकता से ओतप्रोत हो गया।

कार्यक्रम के दौरान प्राचार्या महोदया ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## देवरी में बैसाखी का पर्व उत्साह के साथ संपन्नः सिख समुदाय द्वारा अखंड पाठ और लंगर का आयोजन..



### हिंदू भाइयों ने गुरुद्वारे पहुंचकर दी शुभकामनाएं; सामाजिक सद्भाव का दिखा अनूठा संगम..

**जगप्रेरणा देवरी।**
***सिख धर्म का अत्यंत महत्वपूर्ण और खुशियों का त्योहार 'बैसाखी' आज देवरी में बड़े उत्साह और धार्मिक वातावरण में मनाया गया।***

इस अवसर पर स्थानीय गुरुद्वारे में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें सिख समुदाय के साथ-साथ शहर के नागरिकों ने भी बड़ी संख्या में शिरकत की। बैसाखी के शुभ अवसर पर गुरुद्वारे में सुबह अखंड पाठ'साहिब का आयोजन किया गया था। पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब की वाणी से संपूर्ण परिसर भक्तिमय हो उठा।

अरदास और कीर्तन के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए नगर पंचायत के गुटनेता सरबजीत सिंह भाटिया (शैंकी) द्वारा 'लंगर' (महाप्रसाद) का आयोजन किया गया। इस महाप्रसाद का लाभ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया।

### सर्वधर्म समभाव के दर्शन..

देवरी के इस उत्सव की सबसे बड़ी विशेषता यहाँ का सामाजिक सौहार्द रहा। बैसाखी के उपलक्ष्य में शहर के हिंदू नागरिकों और अन्य समुदायों के लोगों ने बड़ी संख्या में गुरुद्वारे जाकर मत्था टेका। उन्होंने सिख भाइयों से मुलाकात कर उन्हें बैसाखी की आत्मीय शुभकामनाएं दीं। फूलों के हार और मिठाई खिलाकर एक-दूसरे का अभिनंदन किया गया, जिससे शहर में हिंदू-सिख एकता और भाईचारे का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।

### बैसाखी का महत्व..

किसान वर्ग के लिए फसल कटाई का मौसम और सिख धर्म में 'खालसा पंथ' की स्थापना की दृष्टि से बैसाखी का विशेष महत्व है। देवरी के सिख समाज ने हर वर्ष की तरह इस साल भी यह त्योहार अत्यंत अनुशासित और मंगलमय वातावरण में मनाया। कार्यक्रम की सफलता के लिए गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारियों, खालसा सेवा दल और सिख युवाओं ने कड़ा परिश्रम किया।

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### राम मंदिर मे हुई चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**
गोंदिया जिले के शहर पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 12/4/2026 के रात मे श्री राम चौक चुटिया के राम मंदिर मे अज्ञात चोर ने ताला तोड़कर प्रवेश किया और पितल की घंटी 3 नग किमत 6 हजार रूपए, और दान पेटी से नगदी 4 हजार रुपये, 2 सोने के मणी किमत 4 हजार रुपये, दो चांदी की आँखे किमत 400 सौ रुपये कुल 14 हजार 400 रुपये का माल रात के समय अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोंदिया शहर मे अपराध क्रमांक 312/2026 धारा 305,331,4, बी एन एस 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा देवानंद काशीकर 89, पोस्टे गोंदिया शहर कर रहे है।

### तुम अपने हद मे मकान बनाओ बोलने पर की मारपीट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**
गोंदिया जिले के रावणवाडी पुलिस थाने मे मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 12/4/2026 के शाम 5 बजे के दरम्यान मुरपार मे फर्यादी प्रदिप धनलाल लिल्हारे उम्र 26 वर्ष ने आरोपी से कहा तुम मकान अपने हद मे बनाओ हमारी हद मे मत बनाओ 9 आरोपीयो ने आकर मारपीट की फर्यादी की माँ भाई और पिताजी बीच बचाव करने गये तो उन्हें भी गालीगलौच कर लोहे की कटोनी से मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे रावणवाडी मे अपराध क्रमांक 194/2026 धारा 118,1,115, 352,189, 2,191, 2,191,3, भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा चौधरी 87 पोस्टे रावणवाडी कर रहे है।

### फोर व्हिलर की चपेट मे आने से टु व्हिलर चालक हुवा जख्मी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**
गोंदिया जिले के नवेगावबांध पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 13/4/2026 के शाम 7 बजे के दरम्यान नवेगाव कोहमारा रोड पर फोर व्हिलर वाहन क्रमांक एम एच 35 ए आर 6325 के मालक मनिष कुमार बकाराम उके उम्र 28 वर्ष ने अपना वाहन लापरवाही से चलाकर सामने जा रहे ट्रक को ओव्हरटेक करने के चक्कर मे मोटरसायकल क्रमांक एम एच 35 क्यु 4106 को टक्कर मारी मोटरसायकल चालक गंभीर जख्मी होने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर फोरव्हिलर चालक के खिलाफ पोस्टे नवेगांव बांध मे अपराध क्रमांक 99/2026 धारा 281,125, अ,125, ब, भान्यास 2023 सहकलम 184, मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोऊपनी अमोल भोसले पोस्टे नवेगाव बांध कर रहे है।

### शराब के नशे मे मकान के अडेल को रस्सी बांधकर लगाई फांसी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**
गोंदिया जिले के अर्जुनी मोर पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 13/4/2026 के शाम 7 बजे के दरम्यान ग्राम इंजोरी मे रामचंद गोपाळा मेंढे उम्र 45 वर्ष निवारी इंजोरी को शराब पिने की आदत थी। घटना के समय नशे मे अपने घर की अडेल को नॉयलॉन की रस्सी बांधकर फांसी लगाई है, फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे अर्जुनी मोर मे अकस्मात मौत क्रमांक 15/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा हुकरे 60 पोस्टे अर्जुनी मोर कर रहे है।

## शिक्षा सर्वांगीण विकास का प्रवेश द्वार - प्राचार्य डी.आर. गिरीपुंजे..



**जगप्रेरणा तिरोड़ा।**
***भिवरामजी विद्यालय एवं कनिष्ठ महाविद्यालय, वडेगांव में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती के अवसर पर एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डी.आर. गिरीपुंजे ने की।***

अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य गिरीपुंजे ने कहा कि 'शिक्षा सर्वांगीण सुधार का प्रवेश द्वार है। शिक्षा के माध्यम से ही मनुष्य अपने जीवन में सर्वोत्तम प्रगति कर सकता है।' उन्होंने डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों को उद्धृत करते हुए कहा कि 'शिक्षा वाघिन का दूध है, जो इसे पिएगा वह जरूर गरजेगा।' उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे बाबासाहेब के संघर्ष, कठोर परिश्रम और निरंतरता से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में आगे बढ़ें।

कार्यक्रम में जी.एन. बिसेन ने प्रस्तावना के माध्यम से डॉ. आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। वहीं छात्र माही कोसरे और अथर्व मेश्राम ने उनके जीवन संघर्ष को प्रस्तुत किया। आर्या बोदेले और प्रज्ञांशू टेंभेकर ने बाबासाहेब पर आधारित सुगम गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को भावपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक जी.एन. बिसेन, एस.पी. भगत, ए.बी. राठोड़, जे.सी. लांजेवार, आर.एस. मेश्राम, एस.पी. टेंभरे, उत्कर्ष बोरकर, नंदा बोरकर, विवेक बंसोड़, नामदेव अटकुलवाड, गायत्री बिसेन, अनीता उपरीकर, सिरीन भारतकर, संगीता वालदे तथा विनोद धावड़े सहित विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विवेक बंसोड़ ने किया, प्रस्तावना जी.एन. बिसेन ने रखी तथा आभार प्रदर्शन आर.एस. मेश्राम ने किया। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## गृहस्थी और मातृत्व को बखूबी निभाते हुए प्राप्त की 'डॉक्टरेट' की उपाधि..

### डॉ. प्रांजलि येडेवार ने भौतिकशास्त्र में प्राप्त की पीएचडी की डिग्री, स्विट्जरलैंड में लहराया कामयाबी का परचम..

**गणेश भदाड़े, जगप्रेरणा आमगांव।**
***आमगांव की एक बेटी ने इस बात की शानदार मिसाल पेश की है कि कैसे कोई इंसान पक्के इरादे, लगन और लगातार मेहनत के दम पर आसमान जीत सकता है। इंद्रप्रस्थ नगर के रहने वाले और नशु चिकित्सक डॉ. गुरुदास येडेवार की बेटी प्रांजली को 13 अप्रैल को मशहूर सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी ने भौतिकशास्त्र में पीएचडी (डॉक्टरेट) की डिग्री प्रदान की।***



डॉ. प्रांजली ने 'फिजिक्स' डिपार्टमेंट में 'इलेक्ट्रोवेटिंग बेस्ड एप्लीकेशन और इलेक्ट्रिक सिग्नल जेनरेशन के लिए हाई परफॉर्मेंस डाइइलेक्ट्रिक डेवलप करना' जैसे बहुत मुश्किल टॉपिक पर अपनी रिसर्च थीसिस पेश की। उन्हें मशहूर प्रोफेसर डॉ. अरुण बनपुरकर ने मार्गदर्शन किया और उनकी रिसर्च को दुनिया भर में पहचान मिली है और उनके पांच रिसर्च पेपर मशहूर इंटरनेशनल जर्नल्स में पब्लिश हुए हैं।

खास बात यह है कि उन्होंने भारत सरकार के **"DST (SERB)"** से मिली फाइनेंशियल मदद से स्विट्जरलैंड के बेसल में एक इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में अपनी रिसर्च भी पेश की है। प्रांजली, जिन्होंने आमगांव के आदर्श विद्यालय और विद्या निकेतन जूनियर कॉलेज से अपनी स्कूल की पढ़ाई की मजबूत नींव रखी, बाद में फर्ग्यूसन कॉलेज, पुणे और पुणे यूनिवर्सिटी से अपनी हायर एजुकेशन पूरी की। अपने परिवार की जिम्मेदारियों और एक छोटे बच्चे की परवरिश करते हुए इस शानदार सफलता को पाने के लिए उन्हें हर तरफसे तारीफ मिल रही है। वह अपनी सफलता का श्रेय फुले दंपत्ति, राजर्षि शाहू महाराज, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के साथ-साथ अपने माता-पिता, पति प्रा. डॉ. स्वप्निल डोके, ससुराल वाले और शिक्षक को देती हैं। डॉ. प्रांजली की सफलता ने इंद्रप्रस्थ नगर समेत पूरे आमगांव तालुका को गर्व महसूस कराया है।





दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें।। मो। 9329033433



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
गोंदिया भंडारा

● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती पर गोंदिया में उमड़ा वंदन, अभिवादन का जनसैलाब..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया शहर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भारत के शिल्पकार, भारत रत्न, संविधान रचियता डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती धुमधाम से मनाई गई। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बाबासाहेब की जयंती पर विभिन्न संगठनों द्वारा तो वहीं सार्वजनिक जयंती उत्सव के तत्वाधान में 5 दिवसीय कार्यक्रम किये गए, वहीं मुख्य समारोह एवं अनेक कार्यक्रमों के आयोजन 14 अप्रैल को धुमधाम से संपन्न हुए।

14 अप्रैल को सर्वप्रथम कार्यक्रमों की शुरुआत सुबह भीम नगर एवं रामनगर संहित अलग बुद्ध विहार में गौतम बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष तथा डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर व रमाताई आंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण कर वंदन किया गया, वहीं उसके उपरांत भीमनगर, गौतमनगर, कुंभारेनगर, संजयनगर, कस्तूरबा वार्ड, रामनगर, वाजपेयी वार्ड, श्रीनगर, फुलचुर, गोविंदपुर, छोटा गोंदिया, सूर्यटोला आदि इलाकों में कार्यक्रमों के संपन्न होने के उपरांत सभी स्थानों से भव्य रैलियां निकाली गई, जो कि बड़े हुजुम के रुप में प्रशासकिय भवन के समीप डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर चौक पहुंची, जहां पर धुमधाम से बैंड बाजों और डीजे की धुन पर नाचते गाते खुशी का इजहार किया गया।



## संगठनों द्वारा किये गए आयोजन..

गौरतलब है कि शहर में अलग-अलग जगहों से डॉ. बाबासाहेब के फॉलोअर्स डीजे और बैंड की धुन पर नाचते हुए 'जय भीम' के नारे लगा रहे थे। रैली बाबासाहेब अंबेडकर चौक पर खत्म हुई। इस मौके पर अलग-अलग सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह कोल्ड ड्रिंक्स, महाप्रसाद, आलू पोहा, पुलाव, मिठाइयां और पीने के पानी के स्टॉल लगाए।

डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती उत्सव पर विभिन्न संगठनों द्वारा अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किये गए, तथा डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के जीवन पर किताबें और लेख बेचने वाले स्टॉल लगाए गए थे। इस मौके पर हजारों भीम सैनिक, राजनीतिक पार्टियों और सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए और बाबासाहेब को श्रद्धांजलि दी।

## प्रबोधन कार्यक्रमों के भी हुए आयोजन..

गौरतलब है कि आंबेडकर जयंती उत्सव पर सुबह 10:30 बजे नागपुर के कलाकारों द्वारा भीम गीतों का संगीतमय प्रबोधनात्मक कार्यक्रम भीम ज्वाला प्रस्तुत तहसील कार्यालय के समीप प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत दोपहर 1:00 बजे सत्कार समारोह कार्यक्रम में विभिन्न समाज के गौरव, विभिन्न संस्थाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गुणवान विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

इसी प्रकार 14 अप्रैल 2026 को दोपहर 2:00 बजे से कांशीराम परिसर, सुभाष स्कूल मैदान में आयोजित समारोह में सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता एड. सत्यप्रकाश और ओबीसी राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्य इंजि. महेंद्रसिंह लोधी की उपस्थिति में सामाजिक सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों हजारों की संख्या में अनुयायी उपस्थित रहे।

# प.पू. भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने समूची मानव जाति का उत्थान किया - पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल

## कृतज्ञ कांग्रेसियों ने किया डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर जयंती पर्व पर अभिवादन





**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***प.पू.डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर के 135 वीं जयंती पर्व पर आज पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने गोंदिया जिला कॉग्रेस कमेटी की ओर से समस्त कार्यकर्ताओं के साथ डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर चैक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर***

अभिवादन किया। इस अवसर पर उपस्थितों को संबोधित करते हुए पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने कहा कि प.पू.भारतरत्न डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर ऐसे महामानव थे, जिनके नाम में अपार ऊर्जा समाई हुई थी और आज भी जितनी बार उनके नाम का जयघोष होता है, कार्यकर्ताओं एवं अनुयायीयों में अद्भुत प्रेरणा का संचार होने लगता है। डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर ने देश और समाज की सीमाओं को तोड़कर पुरी मानवजाती के उत्थान के लिए प्रयत्न किए एवं जब कोई व्यक्ती स्वंय के हितों को छोड़कर समाज, देश और दुनिया के हित में कार्य करता है, तो पुरी दुनिया उसे पुजती है।

पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने आगे कहा कि आज देश की आंतरिक स्थिती नियंत्रण से बाहर हो रही है, जिस संविधान और न्याय पालिका पर देश का बुनियादी ढांचा खड़ा है, वह बुरी तरह से चरमरा चुका है। दलितों एवं पिछड़े वर्गों पर हो रहे खुले आम अत्याचार ने हम सभी को सोचने पर मजबुर कर दिया है और ऐसे समय में डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर की तथा उनके बनाए संविधान की प्रांसगगिता और बढ़ जाती है। देश में एट्रोसिटी कानून को संविधान बनानेवालों ने बहुत सोच समझकर बनाया था तथा पिछले अनेक वर्षों में पुरे देश में कहीं से भी ऐसे प्रमाण नहीं मिले कि पिछड़े वर्ग के लोगों ने इस कानून का किसी प्रकार से दुरुपयोग किया हो। डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर ऐसी परम्परा के महान ध्वजवाहक थे जिन्होंने इन सारे विषयों पर गहन अध्ययन कर हर नागरीक को समता का दर्जा देकर देश की प्रगती में सबसे बड़ा योगदान दिया। आज किसी भी जाती, धर्म का व्यक्ती हो, पुरुष हो या महिला हो, सभी को समान दर्जा देने के लिए डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर जीवनभर प्रयत्नशील रहे। डॉ.बाबासाहेब के लिखे संविधान से ही देश की प्रगती संभव हो सकी है।

पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने आगे कहा कि प.पू.डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर के आदर्श एवं विचारों को न सिर्फ भारत देश में बल्कि पुरे विश्व में मान्यता प्राप्त है। प.पू.डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर के विचारों से पुरी दुनिया में भारत का नाम रोशन हुआ है और हर भारतीय गौरांवित महसुस करता है की प.पू.डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर भारतीय थे। ऐसे महामानव को गोंदिया जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से मैं कोटी-कोटी नमन करता हुॅं। ऐसे उद्गार डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर के जयंती दिवस पर आयोजित जयंती उत्सव कार्यक्रम में पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने व्यक्त किए। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त किय।

इस अवसर पर प्रमुख रुप से पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के साथ ही एड. के. आर.शेंडे, सीए विनोद जैन, पृथ्वीपालसिंग गुलाटी, विजय बाहेकर, धन्नालाल नागरीकर, अमर वराडे, प्रफुल अग्रवाल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व विधायक दिलीपभाऊ बन्सोड, नगराध्यक्ष सचिन शेंडे, विशाल अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष अशोक गप्पु गुप्ता, कृउबास उपसभापति राजकुमार पप्पु पटले, शहर कॉग्रेस अध्यक्ष अशोक चौधरी, महासचिव मनोज पटनायक, अजय गौर सर, सी.ए.विनोद जैन, पन्नालाल सहारे, गोंदिया जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष बाबा बागडे, आलोक मोहंती, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष वंदनाताई काळे, नप के पक्ष नेता राकेश ठाकुर, अमर रंगारी, सुशिला भालेराव, अजय हरिशचंद्र अग्रवाल, ज्योती राजु फुंडे, संध्या उत्तम यादव, रुपेश विजय कुमार नशिने, संगीता अशोक गुप्ता, दीपिका देवा रुसे, बेबिनंदा योगेश बन्सोड, दुर्गा सुनिल तिवारी, क्रांतीकुमार शिवकुमार जायसवाल, शिलु राकेश सिंह ठाकुर, विजय गणपत रगडे, सुनिल देवाजी भालेराव, शकील मंसुरी, व्यंकट पाथरु, सुनिल तिवारी, देवाभाऊ रुसे, जितेश राणे, नप पार्षद चंद्रकुमार चुटे संहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी द्वारा धुमधाम से मनाई गई डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर जयंती..





**जगप्रेरणा गोंदिया।**

आज भारतीय राज्य घटना के शिल्पकार, विश्वरत्न, परम पुज्य डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी द्वारा बड़े ही उत्साह के साथ धुमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम राष्ट्रवादी कांग्रेस भवन, रेलटोली कार्यालय, गोंदिया में तथा उसके उपरांत नवीन प्रशासकीय इमारत के समीप महामानव, परमपुज्य डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन व पक्ष पदाधिकारीयों ने माल्यार्पण करून विनम्र अभिवादन किया।

प्रत्येक व्यक्ति को महामानव परमपूज्य डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के विचारों को आत्मसात करने की जरुरत है, तथा समाज में बंधुत्व और समान व्यवहारिक समाज की भावना निर्माण करने की आवश्यकता है, ऐसे विचार पूर्व विधायक राजेंन्द्र जैन ने व्यक्त किये। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेंद्र जैन के साथ ही नानू मुदलीयार, राजू.एन.जैन, खालिद भाई पठाण, भगत ठकरानी, लोकेश यादव, अमित भालेराव, संजीव राय, माधुरी नासरे, वर्षा बैस, करण टेकाम, विनायक शर्मा, दीपक कनोजे, हरबक्ष गुरनानी, लखन बहेलिया, सुनील पटले, अनिल टेकाम, हर्षवर्धन मेश्राम, दिनेश गेडाम, तुषार उके, प्रशांत सोनपुरे, कपिल बावनथडे, सोनल मेश्राम, बंटी डोंगरे, कुणाल बावनथडे, वामन गेडाम सहित अन्य



# बफर जोन में शामिल किये जा रहे ग्रामों में ग्रामीणों की सुरक्षा के प्रबंध किये जाएं.. - अशोक सहारे

## वरिष्ठ पत्रकार अशोक सहारे ने नवागत कलेक्टर डॉ. मंगेश गोंदावले का कराया ध्यानाकर्षण..



**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के नवेगांव नागझीरा वन अभ्यारण क्षेत्र के अंतर्गत अनेक ग्रामों को शामिल किया गया है, तथा इन ग्रामों को शामिल करके बफर जोन के अंतर्गत दो वन अभ्यारण क्षेत्रों को सम्मिलित किया गया है, निश्चित ही यह पर्यटन विकास एवं पर्यटन रोजगार के साथ ही वन्य प्राणियों के विचरण के लिये आवश्यक कदम था, लेकिन इस बफर जोन में शामिल ग्रामों के निवासियों की वन्य प्राणियों से सुरक्षा के कोई उपाय नहीं किये जा रहे हैं, जिसके कारण अनेक लोग वन्य प्राणियों के शिकार बन रहे हैं। गोंदिया भंडारा जिले में वन्य प्राणियों की अकाल मृत्यु पर गोंदिया में नवागत कनेक्टर डॉ. मंगेश गोंदावले के पदभार ग्रहण के उपरांत परिचयात्मक प्रेस कॉन्फ्रेंस में वरिष्ठ पत्रकार अशोक सहारे ने यह विषय जिलाधिकारी श्री गोंदावले की जानकारी में लाने का कार्य किया, तथा अशोक सहारे ने जिलाधिकारी श्री गोंदावले से मांग की कि वन अभ्यारण क्षेत्रों के अंतर्गत और इन क्षेत्रों से लगे हुए विभिन्न ग्रामों में वन्य प्राणियों से नागरिकों की सुरक्षा हेतु व्यापक मार्गदर्शक एवं सुरक्षात्मक उपाय करने की जरुरत है। गौरतलब है कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस विषय पर अशोक सहारे द्वारा किये गए ध्यानाकर्षण के तीसरे दिन ही एक दिन में तेंदूए एवं बाघ के हमले में जिले के ग्रामीण क्षेत्र की एक महिला व एक 6 वर्षीय बालक की मौत हो गई। अशोक सहारे ने पुनः जिलाधिकारी श्री गोंदावले से मांग की कि वे तत्काल वन अधिकारियों के साथ आपातकालीन बैठक लेकर इस विषय पर त्वरित कार्यवाही करें, ताकि लोगों की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये जा सकें।

व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।

गोंदिया शहर में दैनिक जगप्रेरणा की प्राप्ति हेतु संपर्क करें..
जग प्रेरणा
चौरसिया पान सेंटर
जय स्तंभ चौक बस स्टॉप, गोंदिया
मो. 08806083231

# हिन्दु हृदय सम्राट प्रवीणभाई तोगड़िया का गोंदिया आगमन..

## 16 अप्रैल को सिविल लाईन हनुमान मंदिर परिसर में करेंगे हिन्दु सम्मेलन को संबोधित..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***हिन्दु हृदय सम्राट अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. प्रवीणभाई तोगड़िया का 15 अप्रैल की रात्री में गोंदिया आगमन होगा, तथा श्री तोगड़िया 16 अप्रैल को सिविल लाईन स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित भव्य हिन्दु सम्मेलन को संबोधित कर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।***

इस संबंध में अंतर्राष्ट्रीय हिन्दु परिषद के गोंदिया जिलाध्यक्ष त्रिलोक शेंडे ने जगप्रेरणा को जानकारी देते हुए बताया कि अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल एवं राष्ट्रीय महिला परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 16 अप्रैल 2026 को दोपहर 12:30 बजे से श्री हनुमान मंदिर, सिविल लाइन, गोंदिया में सम्मेलन के आयोजन में एकमेव हिंदू संगठन, अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल से गोंदिया जिले में बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग जुड़े हैं, तथा संगठन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. प्रवीणभाई तोगड़िया के मार्गदर्शन में आयोजित सम्मेलन में देव, देश, धर्म, समृद्ध हिंदू, गरीबी मुक्त हिंदू, रोजगार युक्त हिंदू, कर्जमुक्त किसान, महंगाई मुक्त परिवार इन विषयों पर हिंदूओं की तोप, हिंदूओं के शेर, अखंड हिन्दूस्तान के भविष्य की दिशा में इन विषयों पर अनमोल विचारों से मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। श्री शेंडे ने यह भी बताया कि नागपुर से होते हुए डॉ. प्रवीण तोगड़िया जी का सर्वप्रथम तिरोड़ा आगमन होगा, जहां पर एक कार्यक्रम को संबोधित करने के उपरांत वे काचेवानी ग्राम पहुंचकर वहां के लोगों से मुलाकात कर चर्चा करेंगे एवं रात्रि विश्राम गोंदिया में करेंगे।



## यह भी होंगे अतिथि के रुप में उपस्थित..

श्री शेंडे ने बताया कि आयोजित सम्मेलन में प्रमुख अतिथि के रुप में विदर्भ प्रांत कार्यध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद मोतीलाल चौधरी, विदर्भ प्रांत अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल अनुप जायसवाल, विदर्भ प्रांत महामंत्री राष्ट्रीय बजरंग दल यजुर्वेन्द्रसिंह ठाकुर, विदर्भ प्रांत अध्यक्ष राष्ट्रीय महिला परिषद अस्मिताताई भट्ट, विदर्भ प्रांत मंत्री अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद योगेश गायकवाड़ प्रमुख रुप से उपस्थित रहेंगे।

## भव्य उपस्थिति की अपील..

आयोजित हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम में सकल हिन्दू समाज से भव्य उपस्थिति की अपील त्रिलोक शेंडे (जिला अध्यक्ष), रितेश तिवारी (जिला कार्याध्यक्ष), बसंत ठाकुर (जिला महामंत्री), संतोष ठाकुर (जिला उपाध्यक्ष), निधिकांत पारधी (जिला मंत्री), संजय साठवने (जिला सहमंत्री) शामिल हैं। कार्यक्रम के माध्यम से हिंदू समाज के संगठन, जागरूकता एवं भविष्य की दिशा पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

# भगवान परशुरामजी के जन्मोत्सव पर श्री राजस्थानी ब्राह्मण सभा द्वारा भव्य रक्तदान शिविर 16 अप्रैल को..



**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***स्थानीय श्री राजस्थानी ब्राह्मण समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चिरंजीवी भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव को बहुत ही धूमधाम से मनाया जा रहा है, तथा जिसके अंतर्गत***



कार्यक्रमों का प्रारंभ हो चुका है, इसी कड़ी में भगवान श्री परशुरामजी के जन्मोत्सव के पावन प्रसंग पर गुरुवार 16 अप्रैल को सुबह 11 बजे से संध्या 4 बजे तक समाज के साथ ही नगर के समस्त नागरिकों के लिए भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन श्री राजस्थानी ब्राह्मण सभा भवन जय श्री टॉकीज के पास गोंदिया में रखा गया है। रक्तदान यह एक सामाजिक कार्य है, रक्तदान करने के हमें अद्भुत फायदे प्राप्त होते हैं। इससे दूसरों की जान ही नहीं बचती बल्कि अपने स्वास्थ्य के लिए भी यह रक्तदान वरदान है। विशेष बात यह है कि गर्मी के मौसम में ब्लड बैंकों में खून की कमी होती है, जिसे हम रक्तदान के द्वारा पूरी कर सकते हैं।

आयोजकों ने समाज के साथ ही नगर की समस्त जनता से निवेदन किया है कि इस पुण्य कार्य में रक्तदान कर अपना सहयोग प्रदान करें। आपका एक सहयोग किसी का जीवन बचा सकता है। श्री राजस्थानी ब्राह्मण समाज ने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान का आहवान किया है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com